हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–256 : जौनपुर, बुधवार 19 जनवरी 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## भाजपा में शामिल हुईं मुलायम की बहू अपर्णा यादव : अपना परिवार नहीं संभाल पाए अखिलेश – डिप्टी सीएम

लखनऊ ब्यूरो : सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव बुधवार को भाजपा में शामिल हो गईं। उन्होंने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ली। इस मौके पर अपर्णा ने कहा कि वह मुख्यमंत्री योगी व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से बेहद प्रभावित रही हैं। आगे पार्टी जो भी जिम्मेदारी तय करेगी वह उसे निभाएंगी। इस मौके पर केशव प्रसाद मौर्य ने अखिलेश यादव पर तंज भी कसा और कहा कि अखिलेश यादव अपना परिवार नहीं संभाल पाए हैं। केशव ने कहा कि हम अपर्णा का अपने भाजपा परिवार में स्वागत करते हैं। वह समय–समय पर भाजपा सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का समर्थन करती रही हैं। केशव कहा कि अखिलेश यादव चुनाव में हार से इतने भयभीत हैं कि वह लड़ने के लिए विधानसभा सीट तक नहीं तय कर पा रहे हैं। वो कहते हैं कि विकास किया है। अगर विकास किया है तो उसी सीट से चुनाव लड़ें, जहां विकास किया है। कयास लगाए जा रहे हैं कि अपर्णा लखनऊ कैंट सीट से चुनाव लड़ सकती हैं। 2017 के विधानसभा चुनाव में भी वह इसी सीट से चुनावी मैदान में



थीं। हालांकि, उन्हें हार मिली थी। इसी सीट पर भाजपा सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने भी अपने बेटे के लिए भाजपा से टिकट मांगा है। उन्होंने यहां तक कहा था कि अगर यह नियम है कि किसी सांसद के बेटे को टिकट नहीं दी जाएगी तो मैं प्रयागराज लोकसभा सीट से इस्तीफा भी देने के लिए तैयार हूं।

## लखनऊ के ट्रिपल मर्डर का खुलासा : दाल में मिलाईं नींद की गोलियां फिर बांके से काटा गला

लखनऊ ब्यूरो : विकासनगर सेक्टर–2 निवासी इंडियन आयल कार्पोरेशन से सेवानिवृत्त महमूद अली खां, उनकी पत्नी दरख्शा और बेटे शावेज की हत्या उनके बड़े बेटे सरफराज ने की थी। सरफराज ने अपने एक साथी अनिल यादव के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। उसने 5 जनवरी की रात को दाल में नींद की गोलियां मिलाकर खिला दी जिससे सभी बेहोश हो गये। इसके बाद उनकी बांके से गला रेतकर हत्या कर दी। आरोपी ने तीनों शव तीन थानाक्षेत्र में अलग–अलग दिन फेंका ताकि किसी को संदेह न हो। इसके बाद कश्मीर निकल गया। वहीं से तीनों के गायब होने की सूचना रिश्तेदारों को दी। पुलिस ने जब पड़ताल शुरू की तो सभी के मोबाइल की लोकेशन लखनऊ में मिली। पुलिस ने इस मामले में दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। पूछताछ में दोनों ने जुर्म भी कुबूल कर लिया। वारदात को अंजाम देने के पीछे का कारण परिवार में तरजीह न मिलने और संपत्ति को कब्जा करना सामने आया है। एसपी ग्रामीण हृदेश कुमार के मुताबिक विकासनगर के सेक्टर–2 में इंडियन आयल कार्पोरेशन से सेवानिवृत्त महमूद अली खां परिवार सहित रहते थे। परिवार में उनकी पत्नी दरख्शा और बेटे शावेज और सरफराज है। जबकि बेटी की शादी हो चुकी है। बेटी अपने परिवार के साथ नोएडा में रहती है। 5 जनवरी को महमूद अली खां, उनकी पत्नी दरख्शां और छोटे बेटे शावेज की गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। हत्या घर के अंदर की गई थी। इस हत्याकांड को अंजाम उनके बड़े बेटे सरफराज ने दिया था। पुलिस ने सरफराज को हिरासत में लिया तो हत्याकांड का खुलासा हुआ। दाल में मिलाई नींद की 90 गोलियां पुलिस के मुताबिक, पड़ताल में सामने आया कि आरोपी सरफराज ने 5 जनवरी को दाल में नींद की गोलियां मिला दी थी। उसने दाल में एक–दो नहीं 90 गोलियां मिलाई थी ताकि कोई होश में न रहे। सभी के बेहोश होने के बाद उनके कमरे में ही बिस्तर पर बांके से गला रेतकर हत्या कर दी। इसके बाद अपने साथी अनिल यादव जो बैकुंठ धाम में सफाई कर्मचारी है। उसके साथ मिलकर शव को ठिकाने लगाया फिर फरार हो गया। तीन शव, तीन इलाका और तीन दिन पुलिस के मुताबिक सरफराज ने हत्याकांड को फिल्मी अंदाज में अंजाम दिया। हत्या के बाद उसने तीनों शव को तीन दिन में तीन इलाके में फेंका ताकि किसी को शक न हो। सरफराज ने 6 जनवरी को इटौंजा में माल रोड के किनारे शावेज का शव चादर में बांधकर फेंका। जिसकी शिनाख्त नहीं हो पाई थी। इसके बाद 8 जनवरी को पिता महमूद खां की मलिहाबाद में और 13 जनवरी को मां दरख्शां का शव माल में फेंका। अरोपी सरफराज ने तीनों शव को ठिकाने लगाने केलिए आठ दिन का समय लिया। इस दौरान शव घर के अंदर ही पड़ा रहा। सवाल खड़ा होता है कि आखिर एक सप्ताह में शव से दुर्गंध क्यों नहीं आई। अगर आई तो पड़ोसियों को पता नहीं चला। पुलिस इन सवालों का जवाब तलाश रही है।

## यूपी में 17776 नए कोरोना संक्रमित मिले : प्रदेश में अब 98 हजार से ज्यादा कोरोना के सकिय मामले

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश में बीते 24 घंटों में 2 लाख 30 हजार 753 कोरोना टेस्ट किए गए जिसमें 17,776 नए कोरोना पॉजिविट पाए गए। इसी अवधि में 20,532 लोग उपचारित होकर कोरोना मुक्त भी हुए। वर्तमान में कुल एक्टिव केस की 98 हजार 238 है। इनमें से 95 हजार 293 घर पर ही उपचाराधीन हैं। स्पष्ट है कि बहुत कम संख्या में लोगों को अस्पताल की जरूरत पड़ रही है। यह संक्रमण वायरल फीवर की तरह है। अतः इससे डरने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन सभी एहतियात अवश्य बरते जाएं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को टीम–9 के साथ बैठक में कहा कि एग्रेसिव ट्रेसिंग और टेस्टिंग, त्वरित ट्रीटमेंट और तेज टीकाकरण कोविड के प्रसार को रोकने का सबसे महत्वपूर्ण साधन है। यह संतोषजनक है कि हमारा प्रदेश टेस्टिंग और टीकाकरण में अन्य राज्यों के सापेक्ष प्रथम स्थान पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में प्रदेश में अब तक टीके की 23 करोड़ 72 लाख से अधिक डोज लगाई जा चुकी है। जबकि 09 करोड़ 69 लाख से अधिक टेस्टिंग हो चुकी है। यह देश के किसी एक राज्य में हुआ सर्वाधिक टेस्टिंग–टीकाकरण है। उन्होंने निर्देश दिया कि कोरोना के कारण बच्चों का नियमित टीकाकरण प्रभावित हुआ है। ऐसे नवजात बच्चों को चिन्हित करते हुए फरवरी माह में विशेष अभियान चला कर टीकाकरण पूरा किया जाए। बचपन में लगने वाले यह टीके जीवन भर अनेक बीमारियों से हमें सुरक्षित रखते हैं। कोरोना प्रसार को नियंत्रण में ट्रेसिंग का बड़ा महत्वपूर्ण योगदान है। अपनी निगरानी समितियों के सहयोग से हमने पिछली लहर में घर–घर स्क्रीनिंग का कार्य किया, जिससे कोविड नियंत्रण में सहायता मिली। इस बार भी ऐसे ही प्रयास की जरूरत है। अतः प्रदेशव्यापी सर्विलांस कार्यक्रम चलाया जाए। इस कार्यक्रम में निगरानी समितियां और स्वास्थ्यकर्मी घर–घर पहुंचें। लक्षणयुक्त लोगों की पहचान करें। जरूरत के अनुसार टेस्ट कराएं। और हर संदिग्ध मरीज को मेडिकल किट उपलब्ध कराएं। अपूर्ण टीकाकवर वाले लोगों की सूची तैयार करें। इस विशेष अभियान के लिए स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षण भी दिया जाए।

## घर पर ही सही देखभाल से कोरोना को दें मात : इंटीग्रेटेड कमांड व कंट्रोल सेंटर से रखी जा रही निगरानी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोविड–19 के मामले बढ़ जरूर रहें हैं लेकिन पहली दो लहर जैसी गंभीर स्थिति संक्रमितों में इस बार नहीं देखी जा रही है । बहुत से लोगों में तो कोई खास लक्षण नजर नहीं आ रहे हैं, फिर भी उनकी रिपोर्ट पाजिटिव आ रही है । ऐसी स्थिति में घर पर ही रहकर कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए और स्वास्थ्य महानिदेशालय से जारी दवाओं का सेवन करते हुए कोरोना को आसानी से मात दिया जा सकता है । इसके साथ ही सरकार द्वारा कोविड की जांच, उपचार और रेफर के लिए बनाए गए इंटीग्रेटेड कमांड व कंट्रोल सेंटर से संक्रमितों की निगरानी की जा रही है और जरूरी परामर्श भी दिए जा रहे हैं । मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ लक्ष्मी सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य महानिदेशालय ने इस बार कोविड को मात देने के लिए समिति द्वारा निर्धारित दवाओं की सूची जारी करने के साथ ही कोरोना से निपटने के लिए की गईं तैयारियों और बरती जाने वाली सावधानियों का भी जिक्र किया है । पत्र के मुताबिक इंटीग्रेटेड कमांड व कंट्रोल सेंटर से होम आइसोलेशन के पात्र मरीजों के स्वास्थ्य की स्थिति की निरंतर निगरानी की जा रही है । किसी होम आइसोलेटेड मरीज के लक्षण युक्त हो जाने या उसे चिकित्सकीय सहायता की जरूरत होने पर इलाज व संदर्भन की सुविधा मिल रही है । इसके अलावा जन सामान्य को कोविड से बचाव के उपायों और प्रदेश में उपलब्ध कोविड की जांच व इलाज की उपलब्ध सेवाओं के बारे में अवगत कराया जा रहा है । चिकित्सीय सलाह की सुविधा पूरे समय के लिए उपलब्ध है । ई–संजीवनी एप के माध्यम से घर पर ही अनुभवी चिकित्सकों द्वारा मुफ्त कंसल्टेंसी की सुविधा दी जा रही है । सरकारी टीकाकरण केंद्रों पर मुफ्त कोविड टीकाकरण किया जा रहा है । नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों पर मुफ्त कोविड जांच और लक्षण युक्त व्यक्तियों के लिए उपचार की सुविधा मौजूद है । विशेष परिस्थितियों में हेल्पलाइन नंबर– 1800–180–5145 और 104 नंबर की भी मदद ली जा सकती है । ध्यान देने वाली बात यह है कि यदि परिवार में कोई व्यक्ति कोविड पाजिटिव है तो होम आइसोलेशन के नियमों का पालन करें और घर से बाहर न निकलें । इसके अलावा यदि खुद कोविड के लक्षणों से ग्रसित हैं तो खुद को परिवार के अन्य सदस्यों से दूर रखें और घर से बाहर न निकलें । धर्मापुर ब्लॉक अंतर्गत देवचंदपुर में होम आइसोलेशन में रहने वाले 32 वर्षीय रमेश (बदला हुआ नाम) ने बताया कि कोविड पाजिटिव की रिपोर्ट आने के बाद उन्हें घर पर ही मेडिकल किट मुहैया करा दी गई है। स्वास्थ्य विभाग की टीम उनके सम्पर्क में रहती है। उन्हें हमेशा सलाह देती रहती है जिसकी सलाह के अनुसार वह दवा का सेवन करते हैं। उनके आक्सीजन की भी जांच की जाती है। इन परिस्थितियों में हेल्पलाइन या डाक्टर से संपर्क करें : लगातार कई दिनों तक 101 डिग्री से अधिक का बुखार, सांस फूलना और सांस लेने में परेशानी होना, पल्स आक्सीमीटर से नापने पर आक्सीजन का स्तर 94 फीसद से कम आना, भ्रम की स्थिति उत्पन्न होने पर, छोटे बच्चों में कोविड के लक्षण : बुखार, खांसी, जुकाम, लगातार रोना, दूध/खुराक लेना बंद कर देना, दस्त लगना, पसली चलना, निढाल पड़ जाना, 12 वर्ष से अधिक के लोगों में कोविड के लक्षण : बुखार, खांसी, जुकाम व थकावट, सिर दर्द व बदन दर्द, स्वाद या गंध की चेतना का चला जाना, बुखार के साथ दस्त, बुखार के साथ त्वचा पर चकत्ते, कोविड से बचाव एवं सावधानियाँ : हमेशा मास्क का इस्तेमाल करें। मास्क को ठीक तरह से पूरे मुंह व नाक को ढकते हुए लगाएं। सोशल डिस्टेंसिंग (छह फुट की दूरी) का पालन करें। अनावश्यक घर से बाहर न निकलें। लक्षण आने पर खुद को परिवार के अन्य सदस्यों से अलग रखें और जांच कराएं। बार–बार साबुन–पानी से अच्छी तरह से हाथों को धुलते रहें। समय से कोविड टीकाकरण जरूर कराएं। दवाओं के साथ इन बातों का भी रखें ख्याल : सांस संबंधी व्यायाम, योग व प्राणायाम दिन में 20 से 30 मिनट तक करें (सहज महसूस करने पर ही) दिन में तीन से चार बार श्वसन दर (रेस्परेटरी रेट) व आक्सीजन सेचुरेशन (पल्स आक्सीमीटर से) अवश्य नापें, यह 94 फीसद अथवा इससे अधिक होना चाहिए पर्याप्त मात्रा में हल्का गर्म/गुनगुना पानी पियें।

उच्च रक्तचाप व किसी पुरानी बीमारी का उपचार चल रहा है तो उसे डाक्टर के परामर्श से जारी रखें।

## पड़ोसियों ने जमीनी विवाद में महिला पर फेंका ज्वलनशील पदार्थ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मछलीशहर कोतवाली थाना क्षेत्र के रामपुर गाँव मे जमीनी विवाद को लेकर पट्टीदारों ने एक महिला के ऊपर मंगलवार रात तेजाब फेंक दिया जिससे महिला झुलस गई है।आननफानन में परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। फिलहाल उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है । सूचना मिलते पुलिस मौके पहुंचकर जांच पड़ताल करके एक नामजद और अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है तथा कई लोगो को हिरासत में लिया गया है। पूर्व में भी महिला के पाटीदारों द्वारा मारपीट कर पैर तोड़ दिया गया था जिस पर अभी प्लास्टर भी लगा हुआ है लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया जिस कारण एक बार फिर दबंगों ने इस तरह की घटना को अंजाम दिया है। मछलीशहर कोतवाली के रामपुर गांव देर रात्रि जमीनी विवाद को लेकर किरण 30 वर्ष पत्नी राधेश्याम के ऊपर दबंग पड़ोसियों ने ज्वलनशील पदार्थ डालकर हत्या करने का प्रयास किया है।महिला की चीख पुकार सुनकर गाव वाले दौड़े तो हमलावर भाग गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर झुलसी महिला महिला को पहले सामुदायिक



स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया । झुलसी महिला का आरोप है कि इससे पूर्व भी मेरे ऊपर हमला हुआ था पुलिस मुकदमा दर्ज किया लेकिन गिरफ्तारी करने के बजाय आरोपियों के घर बैठकर चाय पीकर वापस चली गई। वही इस मामले पर बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक देहात शैलेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया ।कई लोगो को हिरासत में लिया गया है। इसमें निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी । जानकारी के अनुसार इसी महिला के ऊपर 20 दिन पूर्व भी पट्टीदारों ने हमला कर दिया जिसमे उसका पैर टूट गया है उसका अभी भी इलाज चल रहा है।

## साल 2007 में जन्मे बच्चों को भी लगेगा कोविड टीका – डॉ नरेंद्र सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद में तीन जनवरी से 15 से 17 वर्ष के किशोर–किशोरियों को कोविड का टीका लगाया जा रहा है। इस आयु वर्ग के डेढ़ लाख के करीब किशोर–किशोरियों का टीकाकरण हो चुका है जबकि जनपद को 3.15 लाख किशोरों के टीकाकरण का लक्ष्य मिला है। शासन के निर्देश के क्रम में जल्द ही इस आयुवर्ग का शत–प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा। यह जानकारी जिला प्रतिरक्षण अधिकारी (डीआईओ) डॉ नरेंद्र सिंह ने दी । डॉ नरेंद्र सिंह ने बताया कि किशोरों के इस लक्षित आयुवर्ग में वर्ष 2004, 05, 06 एवं 07 के किसी भी माह में जन्मे बच्चे कोविड टीकाकरण के लाभार्थी हैं। उन्होंने वर्ष 2007 में जन्मे बच्चों के अभिभावकों से उनका टीकाकरण कराने की अपील की है। उन्होंने बताया कि इस समय स्कूलों में टीकाकरण कैम्प लगाए जा रहे हैं जबकि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर पहले से ही टीकाकरण सत्र संचालित किए जा रहे हैं। कहीं पर भी किशोरों का टीकाकरण कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस लक्षित समूह को कोवैक्सीन की खुराक लगाई जा रही है। अभी तक की टीकाकरण की स्थितिरू जनपद में अभी तक करीब 57,41,650 डोज लगाई जा चुकी है जिसमें से करीब 35,23,402 पहली डोज, 22,08,748 दूसरी डोज तथा 9500 प्रीकाशनरी डोज लगाई जा चुकी है। 18 से 44 वर्ष के लोगों को 35,88,414 डोज लग चुकी है जिसमें से 22,40,457 पहली डोज तथा 13,47,957 दूसरी डोज लग चुकी है। 45 से 59 वर्ष के लोगों को 11,71,399 से डोज लगी है जिसमें से 6,69,947 पहली डोज तथा 5,01,452 दूसरी डोज लग चुकी है। 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को 7,57,905 डोज लग चुकी है जिसमें से 4,25,943 पहली डोज, 3,30,935 दूसरी डोज तथा 1,027 प्रीकाशनरी डोज लग चुकी है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## बिजली को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नें साधा निशाना

लखनऊ ब्यूरो : सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के तीन सौ यूनिट मुफ्त बिजली के वादे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कटाक्ष किया है। योगी आदित्यनाथ के दफ्तर ने ट्वीट कर कहा कि 'बाप मार डारिस अंधियारे में, बेटवा बना बा पॉवर हाउस..' उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने प्रदेश की जनता को अंधियारे में डाल दिया था। जबकि उनका बेटा अब पावर हाउस बनाने की बात कर रहा है। उन्होंने अखिलेश को वायदे आजम की संज्ञा दी है।

## शीतलहर के प्रकोप से लोग घरो मे दुबके : नही जलाये गये अलाव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सर्द हवाओ के जोर पकड़ने से दोपहर तक भी सुर्य देव के दर्शन नही हो रहे है जिसका कहर सड़को पर भी दिखाई देने लगा है सड़के खाली है सर्द और गलन से लोगो मे कपकपी छूट रही है शर्दी से बचने के लिये लोग गर्म कपड़े पहनने के साथ अलाव का भी सहारा लेने को मजबूर है बीतो दिनो बारिस के चलते बढी ठंड हाड़कपाने वाली है वही अलाव के नाम पर कागज मे खानापूर्ति भले ही होती हो परन्तु अलाव की ब्यवस्था कही भी नही दिखाई दे रही है प्रशासनचुनाव की तैयारी मे लगा है वही कडाके की ठंड से आम जनजीवन वेहाल है लोग घर मे दुबक कर बिस्तर मे ही बैठने को मजबूर है!आवश्यक कार्य से बाजार हाट निकलने वालो लोगो को कही न कही दुकानो पर जलते अलाव का सहारा लेना ही पड़ता है !क्षेत्र के राजाबाजार गॉधीनगर वासूपुर गद्दोपुर मे प्रशासन द्वारा कही भी अलाव नही जलवाया गया ! सराय पड़री निवासी चायपान मिठाई के दुकानदार राजेन्द्र यादव का कहना है कि वे अपनी दुकान के सामने कडाके की ठंड से राहत के लिये रात दिन अलाव जलाये रहते है!

## कलेक्ट्रेट सभागार में कोविड–19 टीकाकरण की समीक्षा बैठक संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कोविड–19 टीकाकरण की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ लक्ष्मी सिंह द्वारा बताया गया कि जनपद में लगभग 54000 लोगों का ही प्रथम डोज का टीकाकरण शेष बचा है जिस पर जिलाधिकारी ने सभी विभागों के



अधिकारियों को निर्देश दिया कि 18 वर्ष के ऊपर के व्यक्तियों का प्रथम डोज का टीकाकरण कल तक शत–प्रतिशत अवश्य कराएं और 20 जनवरी तक द्वितीय डोज का टीकाकरण 75 प्रतिशत पूर्ण करे। जिलाधिकारी ने डीआईओएस को निर्देशित किया कि स्कूलों में लगने वाले टीकाकरण को शत–प्रतिशत कराकर प्रमाण–पत्र प्राप्त करे, जिन स्कूलों/कालेजों में शतप्रतिशत टीकाकरण नही होगा उन स्कूलों के विरुद्ध कार्यवाही की जाय। कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए 15 से 18 वर्ष के युवाओं का टीकारण अभियान चलाकर कराये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह ने बताया कि गांव–गांव कैंप लगाकर टीकाकरण का कार्य किया जा रहा है जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि पहला और दूसरा डोज शीघ्र लगवाते हुए शत–प्रतिशत टीकाकरण की उपलब्धि हासिल करे। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र सिंह ने जनपद वासियों से अपील किया कि प्रथम एवं द्वितीय डोज टीकाकरण जरूर लगवा लें। इस अवसर पर समस्त जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

कार्य व्यवहार में सत्यता है तो किसी प्रकार का भय उत्पन्न नहीं हो सकता।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# बेरोजगारी : शहर बन सकते हैं रोजगार सृजन का गढ़

देश में दिसंबर में बेरोजगारी दर चार महीने के उच्च स्तर 7.9 फीसदी पर पहुंच गई, जिसमें शहरी बेरोजगारी बढ़कर 9.3 फीसदी हो गई है। यह दिखाता है कि कैसे निराशाजनक अर्थव्यवस्था और महामारी ने भारतीयों को बुरी तरह प्रभावित किया है। चुनावी राज्य उत्तर प्रदेश में बीते पांच वर्षों में स्थिति सबसे बदतर हुई है। वहां दिसंबर, 2016 से दिसंबर 2021 के बीच कार्यरत लोगों की संख्या 38.5 फीसदी से घटकर 32.8 फीसदी रह गई। जाहिर है, बेरोजगारी दर पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ी है। लगता है कि हम अपने देश की जनसांख्यिकीय क्षमता को बर्बाद कर रहे हैं।

हमारे नीति निर्माताओं ने भले ही लोकप्रियतावादी कला में महारत हासिल कर ली हो, लेकिन क्या उन्होंने रोजगार सृजन जैसे सवाल पर गंभीरता से ध्यान दिया? भारत के युवा बेरोजगारों को रोजगार सुनिश्चित करने के लिए वर्ष 2030 तक गैर–कृषि क्षेत्र में नौ करोड़ रोजगार सृजित करने की दरकार है। लेकिन इस पर खरा उतरने के बजाय हमने इस उम्मीद में अल्पकालिक सुधार के कदम उठाए कि इससे रोजगार का संकट दूर होगा। बमुश्किल एक दशक पहले नीति निर्माताओं को उम्मीद थी कि जिस तरह हमारे लोगों को लाभकारी रूप से नियोजित किया जा रहा है, उससे भारत दुनिया का 'बैक–ऑफिस' होगा।

बैक–ऑफिस किसी कंपनी के उस हिस्से को कहा जाता है, जहां प्रशासनिक और सहायक कर्मचारी रहते हैं। इन दिनों हम उम्मीद कर रहे हैं कि 'गिग इकनॉमी' (ऐसा श्रम बाजार, जो अल्पकालिक अनुबंधों या स्वतंत्र कार्य के प्रसार को बढ़ावा देता है), जिसे नए युग के स्टार्ट–अप के जरिये बढ़ावा दिया गया है, रोजगार से जुड़ी हमारी महत्वाकांक्षा को पूरा करेगी। इस उम्मीद का अगर मौजूदा सूरतेहाल से मिलान करें, तो जुलाई 2021 तक देश में 53,000 से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्ट–अप थे, जिन्होंने 5.7 लाख नौकरियां पैदा कीं। मगर इस दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की नौकरियों का प्रवाह सूखता चला गया।

वर्ष 2020 में आई सरकारी सर्वे की रिपोर्ट कहती है कि 31 मार्च, 2017 तक सार्वजनिक उद्यमों में 11.3 लाख कर्मचारी थे, जो 2019 तक घटकर 10.3 लाख रह गए। दरअसल, भारत में युवाओं के लिए नौकरी पाना आज तल्ख प्रतिकूलताओं से एक खुली मुठभेड़ है। कई लोगों के लिए यह निरंतर निराशाजनक अनुभव है, तो कई ने नौकरी की उम्मीद ही छोड़ दी है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि श्रमबल भागीदारी दर अगस्त, 2016 के 47.26 फीसदी के मुकाबले दिसंबर 2021 तक 40–42 फीसदी गिर गई। यानी हमारे कार्यबल के 60 फीसदी हिस्से ने मजबूरन काम की तलाश ही छोड़ दी है।

इस निराशाजनक स्थिति से बाहर निकलने के लिए हम अलग राह पर बढ़ने की पहल कर सकते हैं। हम चाहें, तो एक ऐसे राज्य के चरित्र को उभार सकते हैं, जो सार्वजनिक संपत्ति के निर्माण को बढ़ावा दे और मानव पूंजी में अपेक्षित निवेश करे। अनुभव बताता है कि हम जैसे–जैसे कायदे–कानूनों को आसान बनाते जाएंगे और उत्पादन को प्रोत्साहित करेंगे, नौकरियों का भी सृजन होता जाएगा। जाहिर तौर पर इसके लिए बुनियादी सार्वजनिक सेवाओं को विस्तार देते हुए राज्य की भूमिका को नए सिरे से गढ़ना होगा।

महामारी से पहले यानी 2019 तक भारी संख्या में स्वास्थ्यकर्मियों, शिक्षकों और आंगनबाड़ी सेविकाओं की रिक्तियां थीं। यदि पूरे आंकड़ों को एक साथ जोड़ दें, तो रिक्तियों की संख्या 25 लाख से ऊपर पहुंच जाएगी। इसके अलावा, मौजूदा समय में 2.90 लाख से 4.20 लाख तक स्वास्थ्यकर्मियों के जरिये स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में क्षमता विस्तार की स्पष्ट संभावना है। पर इसे चुनावी मौसम में नए एम्स की घोषणा भर कर देने से पूरा नहीं किया जा सकता। इन क्षेत्रों में संविदा और मौसमी तौर पर काम करने वालों को नियमित करना हमारा नैतिक कर्तव्य है।

मसलन, दस लाख आशा कार्यकर्ता, 12 लाख आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और दस लाख सहायकों को नियमित करने की जरूरत है। महज इन क्षेत्रों की जरूरतों पर ईमानदारी से खरे उतरकर लाखों नौकरियों का रास्ता निकाला जा सकता है। साथ ही हमें शहरी क्षेत्र में मौजूदा श्रमशक्ति को कुशल बनाने में मदद करने की जरूरत है। एक राष्ट्रीय शहरी रोजगार गारंटी योजना और सार्वजनिक संपत्ति बनाने पर जोर देने से श्रम कौशल में सुधार, प्रमाणन प्रदान करने और आय सहायता प्रदान करने में मदद मिलेगी।

ऐसी योजना 30 करोड़ प्रतिदिन की मजदूरी दर पर सौ दिनों के लिए दो करोड़ शहरी आकस्मिक श्रमिकों को कवर कर सकती है। इस पहल की कुल लागत एक लाख करोड़ रुपये सालाना आंकी गई है। गौरतलब है कि सार्वजनिक कार्यों और पुनर्वास के पैमाने पर शहरों की स्थिति बहुत खराब है। स्वच्छ जलापूर्ति से लेकर सड़कों के रखरखाव, झीलों का कायाकल्प, शिल्पकारों की आमदनी में इजाफे जैसी अपेक्षाओं को हम ऐसी योजना से आसानी से पूरा कर सकते हैं।

एक अन्य तरीका हरित नौकरियों को बढ़ावा देना भी है, जिसमें पारंपरिक रूप से सार्वजनिक सेवाओं (जैसे जल संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन) को हम शामिल कर सकते हैं। एक आकलन के मुताबिक, एक नगर परिषद आधारित शहर ऐसी श्रेणियों में 650, जबकि एक नगरपालिका परिषद 1,875 और एक पूर्ण नगर निगम 9,085 हरित नौकरियों का सृजन कर सकता है। अन्य क्षेत्रों में 150–2,500 नौकरियां नवीकरणीय क्षेत्र में उत्पन्न होंगी, जबकि 300–2,000 नौकरियां अपशिष्ट प्रबंधन में, 80–1,700 शहरी खेती में पैदा होगी।

भारत के शहरों में इसका विस्तार करने से श्रम कौशल को बढ़ावा देने के साथ रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण उछाल आएगा। एक ऐसे दौर में, जब औसत शहरी भारतीय महज एक डिलीवरी वर्कर बनने की ख्वाहिश रखता है, विकल्प और समाधान की यह एक बेहतर राह हो सकती है। ऐसी पहल इसलिए जरूरी है, क्योंकि प्रायः एमबीए से लेकर पीएचडी तक की डिग्री वाले बेरोजगार चपरासी तक की नौकरी के लिए लालायित हैं। यदि अनुकूल वातावरण बनाने के लिए सही नीतियों को लागू किया जाए, तो हमारे शहर रोजगार सृजन का गढ़ बन सकते हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि भारत का जनसांख्यिकीय लाभांश एक जनसांख्यिकीय आपदा न बन जाए, हमें रोजगार सृजन और श्रम बाजार के लिए युवाओं के कौशल विकास की चुनौती का सामना करने की जरूरत है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## परिवार की तरह है सिविल का हर मेडिकलकर्मी –डॉ आनंद ओझा

आर एल पाण्डेय लखनऊ। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल चिकित्सालय के नए निदेशक डॉ आनंद कुमार ओझा और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ आर पी सिंह का चिकित्सालय के कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन ( संयुक्त मोर्चा) द्वारा कोविड प्रोटोकॉल के साथ सम्मान समारोह किया गया । उपस्थित सभी संवर्गो के अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए डॉ ओझा ने कहा कि यह हम सभी का सौभाग्य है कि हमें इस विध।ा में कार्य करने का अवसर मिला है, यहां पर पारिश्रमिक के साथ जो दुआएं मिलती हैं वह संजीवनी से कम नहीं है । उन्होंने कहा कि चिकित्सालय को हमेशा अग्रसर बनाए रखने में हमारा पूरा चिकित्सालय परिवार पूर्ण मनोयोग से कार्य कर रहा है,साथ ही उन्होंने चिकित्सालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि चिकित्सालय के किसी कर्मी को किसी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी । उन्होंने अपनी स्वरचित रचनाओं के माध्यम से समारोह में चार चांद लगाया । 'अगर बनता हो झुकने से कोई रिश्ता तो झुक जाओ' इस शेर से सभी को जीवन का सलीका सिखाया वहीं ''अपने सभी गम सह लिए, फिर भी रहा जाता नहीं, अब गैर की खुशियों का गम हमसे सह जाता नहीं' ''जो दे गया दिल को चुभन ताउम्र के लिये, आखिर वो तल्ख लम्हा गुजर क्यो नही जाता '' इस शेर से डॉ ओझा ने कोविड में जनता की पीड़ा को महसूस किया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ आरपी सिंह ने भी सभी को अपना पूरा सहयोग देते हुए परिवार की तरह रहने और गरीब मरीजों की सेवा करने



की अपील किया । उन्होंने कहा कि चिकित्सालय में जो भी संसाधन है उनका पूरा उपयोग करते हुए चिकित्सालय में सभी उत्कृष्ट सेवाएं मरीजों को प्रदान की जा रही है। समारोह का संचालन करते हुए मोर्चा के संरक्षक सुनील यादव ने कहा कि कोविड काल में सिविल चिकित्सालय के हर चिकित्सा कर्मी ने अपना शत प्रतिशत योगदान दिया है और आगे भी देते रहेंगे । समारोह में संरक्षक अखिलेश श्रीवास्तव, अध्यक्ष महेंद्र पांडे, मंत्री विवेक तिवारी, संगठन मंत्री रविन्द्र यादव, प्रशासनिक अधिकारी डी पी शुक्ला, प्रभारी अधिकारी फार्मेसी एच एन चौधरी, फार्मेसिस्ट रजनीश पांडे, सुधीर कुमार, लैब टेक्नीशियन अशोक शुक्ला, राजेश, गिरीश विश्वकर्मा, आर के यादव, श्याम बाबू अवस्थी, ऑडियोलोजिस्ट आदित्य यादव, फिजियोथेरेपिस्ट आरबी सिंह, सिस्टर पुष्पा, अंजली कंप्यूटर ऑपरेटर धीरज, ध्रुव कुमार पांडे, जावेद, राजकुमार यादव सहित सभी संवर्गों के कर्मचारी प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## भाजपा की दूसरी लिस्ट जारी : छत्रपाल गंगवार और बहोरनलाल मौर्य को फिर मिला टिकट

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी लगातार मंथन कर रही है। मंगलवार को भाजपा ने दो प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी की। भाजपा की पहली सूची में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य समेत 107 प्रत्याशियों के नाम का एलान किया गया था। भाजपा ने राजस्व राज्यमंत्री छत्रपाल गंगवार को बरेली के बहेड़ी विधानसभा क्षेत्र और भोजीपुरा से मौजूदा विधायक बहोरनलाल मौर्य को उम्मीदवार बनाया है। गंगवार के सपा में शामिल होने की चर्चाओं के चलते पहली सूची में उनकी सीट पर प्रत्याशी घोषित नहीं किया गया था। पार्टी को गंगवार की निष्ठा पर भरोसा होने के बाद मंगलवार को उन्हें प्रत्याशी घोषित किया गया। वहीं भोजीपुरा सीट पर उच्च स्तर से सहमति बनने



के बाद मौजूदा विधायक बहोरनलाल मौर्य को ही चुनाव लड़ाने का निर्णय किया गया है। भाजपा अब तक 109 उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। इसमें 46 पिछड़े, 19 दलित और 44 सवर्ण है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं से बोले पीएम– लोगों को मतदान के महत्व के बारे में समझाएं और बताएं हर वोट कितना जरूरी

वाराणसी ब्यूरो : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के भाजपा कार्यकर्ताओं से नमो एप के जरिए वर्चुअल संवाद किया। पीएम मोदी ने कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत करते हुए कहा कि हमें प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की जरूरत है। किसानों को रसायन मुक्त खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। हमें आजादी का अमृत महोत्सव के जश्न में सभी को जोड़ना चाहिए। पीएम मोदी ने भाजपा कार्यकर्ता से कहा कि हमें मतदाताओं को मतदान के महत्व के बारे में बताना चाहिए। उन्हें बताएं कि हर वोट महत्वपूर्ण है। उत्तर प्रदेश में होने वाले विधान सभा चुनावों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। पीएम मोदी ने यूपी में विधान सभा चुनावों की तारीख की घोषणा होने के बाद पहली बार भाजपा कार्यकर्ताओं से संवाद किया। उन्होंने वर्चुअली कार्यकर्ताओं सुझाव और सवाल मांगे। इस दौरान बूथ अध्यक्षों के साथ चर्चा कर उन्हें जीत का मंत्र दिया। उन्होंने हर–हर महादेव के उद्घोष के साथ संवाद शुरू किया और समापन भी ऐसे ही किया। पीएम ने कहा कि चुनाव अपने आप में एक ट्रेनिंग कैंप होता है। ज्यादातर लोगों को कार्यकर्ता के रूप में हम तैयार कर सकते हैं। संगठन का विस्तार व कार्यकर्ता का विकास होना चाहिए। हमें लोगों को एक–एक वोट की कीमत समझानी है। हम और योगी जी इसलिए ही कुछ कर पा रहे हैं क्योंकि जनता ने हमें वोट दिया है। प्रधानमंत्री ने बातचीत के दौरान उत्तरी विधानसभा के बागेश्वरी मंडल के कार्यकर्ता आशुतोष से भोजपुरी में पूछा कि काशी कैसी है? ट्रैफिक जाम होता है अब? आशुतोष ने बताया कि बनारस का आपने जितना ध्यान रखा उतना किसी ने नहीं रखा। पहले हमें घंटों का समय लगता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होता है। जाम से राहत मिली है। वहीं प्रधानमंत्री ने भोजपुरी अंदाज में पूछा कि ए बार कितना ठंड पड़ल हौ बनारस में...? चुनाव की कितनी गर्मी है। मुझे बनारस में जन्म लेने का सौभाग्य तो नहीं मिला, लेकिन महादेव की कृपा से वहां से जुड़ने का मौका जरूर मिला। अखिलेश दुबे से पूछा कि क्या करते हैं? अखिलेश ने जवाब दिया कि ट्यूशन पढ़ाते हैं। वहां बिजली की क्या स्थिति है? पीएम को अखिलेश ने बताया कि पहले धरना देना पड़ता था। अब पहले की तुलना में काफी ज्यादा बिजली मिली रही है। बूथ अध्यक्ष श्रवण कुमार रावत से प्रधानमंत्री मोदी ने भोजपुरी में पूछा कि का हाल हो? बाबा विश्वनाथ कॉरिडोर में पहले और अब में क्या फर्क है?रावत ने बताया कि पहले तो ध।क्का–मुक्की में मजा खत्म हो जाता था। आज तो दिव्यता दिख रही है। आज इतनी खुशी है कि बाबा विश्वनाथ के ऐसे दिव्य दर्शन आपकी वजह से संभव हो रहा है। आपके लिए कोई भी शब्द छोटा पड़ेगा। अब बनारस बदल गया है। गरीबों को रोजगार मिल रहा है। वे सब आपको आशीर्वाद दे रहे हैं। कल मुझे विश्वनाथ धाम का श्रमिक मिला था। उसकी खुशी देखते बन रही थी। वो आपकी तारीफ करते अघाते नहीं। पीएम मोदी ने कहा कि आप एक बूथ के अध्यक्ष हैं। मुझे खुशी है कि आप इतनी गहराई से इसका बखान कर रहे हैं। ये सब बाबा की कृपा है। प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव से हमें हर व्यक्ति को जोड़ना चाहिए। देश के प्रति जिन्होंने बलिदान दिया, उनके प्रति हमें सम्मान जताना है। नमो एप पर भाजपा का माइक्रो डोनेशन अभियान चल रहा है। 5 रुपये भी आप पार्टी को दान दे सकते हैं। क्या हम ये प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं कि कौन सा पोलिंग बूथ कितना माइक्रो डोनेशन कर सकता है? पैसा इकट्ठा नहीं करना है, लोगों को जोड़ना है। संगठन का विस्तार करना है और कार्यकर्ता का विकास भी करना है। चुनाव के समय एक–एक वोट की कीमत समझनी है। कैंट विधानसभा की बूथ अध्यक्ष सीमा कुमारी से पीएम ने पूछा– कोरोना संक्रमण के दौरान अपने क्षेत्र के लोगों से मिलना जुलना हो पा रहा है? सीमा ने बताया कि दो गज की दूरी से मुलाकात कर रहे हैं। अब तो महिलाओं को न रसोई की धुएं से जूझना पड़ता है न केरोसिन के लिए लाइन लगानी पड़ती है। ये सब आपकी वजह से संभव हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा– मेरा एक आग्रह है– आप ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को स्वयंसहायता समूहों से जोड़ो। उन्हें डिजिटल पेमेंट से जोड़ें। ये बहुत बड़ा काम होगा। आप जइसन बहिन के आशीर्वाद हमार असली शक्ति हउअे। मातृशक्ति प्रसन्न हौ ना...? मनोज कुमार पटेल से मोदी ने पूछा कि आप लोग अपने क्षेत्र में गरीब परिवारों की सुध ले रहे हैं या नहीं? मनोज ने बताया कि हम टोली बनाकर लोगों से बात करते हैं, उनका हाल लेते हैं। लोग यही बताते हैं कि मुफ्त राशन की उन्हें कल्पना नहीं थी। वे आभार व्यक्त करते हैं। वाराणसी समेत पूर्वांचल के 9 जिलों में 7 मार्च को चुनाव पूर्वांचल में आखिर के दो चरणों में चुनाव होंगे। वाराणसी, चंदौली, आजमगढ़, सोनभद्र, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, मऊ, गाजीपुर में सातवें चरण (7 मार्च) और बलिया में छठे चरण (3 मार्च) को होंगे। जिसके बाद नतीजे 10 मार्च को आएंगे।

## चासनी में लिपटे हुए वायदों से सावधान होकर मनाएं चुनाव का त्योहार : डॉ एम एल गुप्ता

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : समाजसेवी एवं सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ मुरारीलाल गुप्ता के अनुसार भारतीय संविधान ने हम सभी को वोट का अधिकार दिया है पर इस अधिकार को यदि विवेक या सोच–विचार के बजाए क्षणिक आवेश के या व्यक्तिगत स्वार्थ या इच्छाओं महत्वक्षाओं के चलते किया जाये तो यही अधिकार कहीं न कहीं यह आत्मघाती भी साबित हो सकता है। विधानसभा व लोकसभा के चुनाव लोकलबॉडी के चुनाव नहीं हैं की आप व्यक्ति को चुने यहां आप सरकार को चुनते हैं मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री को चुनते हैं इस समय हर पार्टी भाँति– भाँति के चासनी में लिपटे हुए वायदे ला रहे हैं लेकिन आइए इन सभी को बिंदुवार विश्लेषण करने का प्रयास करें।

फ्री घोषणाएं– वस्तुतः फ्री कुछ भी नहीं होता क्योंकि फ्री नेता न तो अपनी जेब से करते हैं न पार्टी फंड से वह सरकारी पैसे से करते हैं जो आपका अपना पैसा है। इस बात को नेता बहुत बेशर्मी से कहते हैं मैं अमीरों से लेकर गरीबों को दूँगा मित्रों यह बताओ अमीर भी तो वह पैसा कहाँ से लाएँगे जाहिर बात है कि वह अपने ग्राहक जिसमें अमीर– गरीब सभी हैं उन्हीं से लेकर सरकार को देते हैं। एक पार्टी जो तथाकथित ईमानदारी आंदोलन की देन है (वामपंथ व क्रिप्टो क्रिश्चियन के मिश्रण है व एक राज्य के मुख्यमंत्री हैं) वह तो एक बड़ी ही मासूम सा जवाब देते हैं जब विधायकों व मंत्रियों को फ्री मिलता है तो पब्लिक को क्यों नहीं यह तो वही बात हुई कि हम चोर को चोरी से रोकेंगे नहीं पर यदि वह कर रहा है तो मैं भी करूंगा अगर आप इतने ही संजीदा हैं तो आप अपने मंत्रियों या विधायकों को दी जाने वाली सभी सुविधाएं बंद करवा दें संसद में एक बिल ला सकते हैं आप सभी राजनीतिकों का असली चेहरा सामने आ जाएगा।

लड़की हूं लड़ सकती हूं– एक राष्ट्रीय पार्टी की वीरांगना बिल्कुल वामपंथी विचारधारा से प्रभावित होकर नारा लड़की हूं लड़ सकती हूं दे रही हैं (यद्यपि वह वामपंथी विचारध।ारा हिंदी चीनी भाई– भाई की ही वंशज हैं) अरे भाई भारतीय संस्कृति में नर व मादा के सभी संबंध सह अस्तित्व प्रेम व सौहार्द के हैं चाहे वह मां– बेटे, भाई– बहन, पिता– पुत्री या पति– पत्नी के बीच हो यह सभी एक दूसरे के पूरक हैं इन को आपस में लड़बाकर आप समाज का क्या भला कर रहे हैं मेरी समझ से परे है।

महंगाई– वास्तव में यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा हर नेता इस पर रुदाली कर रहा है पर मतदाताओं को हर पार्टी से यह पूछना चाहिए कि उनके पास क्या रोड मैप है? कि महंगाई कम हो– क्या वह ज्यादा नोट छाप कर सोना बेचकर या उधार, पेट्रोल लेकर महंगाई कम करेंगे (अतीत में ऐसा हो चुका है) दूसरे प्रैक्टिकली हमें महंगाई बढ़ने के कारकों पर भी विचार करना चाहिए जिस तरह कि अचानक एक भयंकर महामारी ने घेरा उसमें अप्रत्याशित खर्चे बढ़ गए देश की सुरक्षा पर भी काफी कुछ खर्च करना पड़ा हमको यह भी सोचना पड़ेगा कि सरकार ने जो ज्यादा टैक्स लिए उनका सही उपयोग हुआ या नहीं (हां एक, और महंगाई से पीड़ित सबसे ज्यादा गरीब ही है मुझे सोचना चाहिए सरकार ने मदद की या नहीं) यह अप्रत्याशित खर्चे भी हमेशा रहने वाले नहीं उम्मीद करनी चाहिए की महंगाई पर भी अंकुश पा लिया जाएगा।

बेरोजगारी– चुनावी मौसम में बेरोजगारों के भी बहुत शुभचिंतक हो गए उन सभी से यह पूछना चाहिए कि उनके पास क्या रोडमैप है वह कैसे बेरोजगारी दूर करेंगे कैसे वह नौकरी सृजित करेंगे उनके लिए संसाधन कहाँ से लाएँगे वायदा करने में क्या लगता है क्या वह उद्योगों को सुविधा सुरक्षा देकर नौकरी के अवसर बढ़ाएंगे या कोई दूसरा रास्ता है।

महामारी नियंत्रण– महामारी पर सरकार की बहुत आलोचना हो



रही है मतदाताओं को सभी पार्टियों से यह पूछना चाहिए कि यदि वे सरकार में होते, तो कैसे मैनेज करते? कैसे इतने वैक्सीन,पीपीई किट, अस्पताल, ऑक्सीजन व वैक्सीन मैनेज करते? जवान चलाने में व हवा हवाई वायदा करने में कुछ नहीं लगता। अब इस चुनाव के कुछ और मुद्दों पर भी मंथन करना होगा कि यहां बहुत सी पार्टियां कुछ जातिगत कुछ तथाकथित ईमानदार कुछ दूर प्रदेश से जैसे एनसीपी शिवसेना यह सब यहां यूपी में सरकार बनाने के लिए इलेक्शन लड़ रहे नहीं यह सब वोट काटने के लिए तो किसके वोट काटने के लिए और उनका अंतिम लक्ष्य किसको कुर्सी पर बैठाना किसको हराना इस सबके लिए फंड कहां से आया इस पर भी मतदाताओं को मंथन करना चाहिए। अतः अपने मत का प्रयोग करते हुए मतदाता को सोचना चाहिए कि कौन देश के समग्र विकास सुरक्षा के लिए उचित रहेगा कौन एक स्थिर सरकार दे सकती है। विदेशी शक्तियां कभी भी भारत में स्थिर व मजबूत सरकारें नहीं पसंद करती हैं। क्योंकि इतिहास ने हमारे वर्तमान को तय किया है और हमारे कार्य आगे आने वाली पीढ़ियों का भाग्य तय करेंगे तो वोट सोच समझकर समग्र बातों को ध्यान रखकर देना चाहिए। यदि आपने एक कमजोर व्यक्ति को चुनाव जैसे गोर्वाचोव रूस की तरह आपके भी टुकड़े होने में देर नहीं लगेगी यदि आपने हामिद करजई जैसे भ्रष्ट नेता को चुना तो आपको अपने ही देश से प्रताड़ित होकर भागना पड़ सकता है। भले ही आप एक ही धर्म के हो जैसे अफगानिस्तान में और यदि केवल अपनी जाति या समूह को ध्यान में रखकर वोट दिया। तो कहीं ना कहीं आप अनजाने में ग्रह युद्ध की प्रस्तावना लिख रहे हैं क्योंकि समाज व राष्ट्र केवल एक जातीय समूह का नहीं हो सकता और यह चीजें भविष्य में राष्ट्र को तोड़ भी सकती हैं जैसा कि विदेशी शक्तियां चाहती हैं और ऐसा चेकोस्लोवाकिया वह अफ्रिका में हो चुका है और याद रखिए दुनिया में छोटे मुल्कों का कोई वजूद नहीं होता वह डायरेक्ट या इनडायरेक्ट तरीके से सुपर पावर्स के गुलाम ही रह जाते हैं। एक उदाहरण और भी देना चाहूंगा कि यदि एक व्यक्ति 100रु के आम खरीद के आप को खिलाता है और दूसरा आदमी 100रु के आम के पेड़ लगा देता है जो आपकी आगे आने वाली पीढ़ी को आम खिलाता रहेगा आप खुद तय कीजिए कि आपको किस व्यक्ति को चुनना है।

जातीय नेताओं से सावधान– आजकल जातिवादी नेता बरसाती मेढकों की तरह आ गए हैं वह अपने स्वार्थ के लिए जातीय भावनाएं भड़का रहे हैं समाज केवल एक जाति या एक जातीय समूह से नहीं बनता न ही एक जाति का वर्चस्व रहता है समाज व राष्ट्र भारत विभिन्न जातियों का मिश्रण है जिसमें अनादिकाल से सभी जातियां समन्वय से रहती थी कुछ कमियां हो सकती हैं उनको सुधारने की कोशिश की जानी चाहिए पर जातीय उन्माद फैलाकर समाज में विघटन ना पैदा करें नेता भी जाति के आधार पर केवल आपको वोट बैंक ही समझते हैं लेकिन यदि गंभीरता से सोचें यदि इसी तरह जातीय वैमनस्यता बढ़ती रही, तो इसका अंतिम परिणाम क्या होगा? पहले धीरे– धीरे जातीय झगड़े होंगे जो आगे चलकर बड़े गृह युद्ध में परिवर्तित हो सकते हैं मैं आपको डरा नहीं रहा हूं पर यह सब इसी दुनिया में हो चुका है व कई जगह हो रहा है हमें आपको सोचना होगा कि हम अपनी आने वाली पीढ़ी को एक युद्ध रत समाज देना चाहते हैं या एक शांत समृद्ध भारत तय आपको करना है!

## मार्च से दो लाख लीटर दूध उत्पादन करेगा पराग प्लांट : एनडीडीबी के हाथों संचालन के बाद बढ़ेगी क्षमता

वाराणसी ब्यूरो : दुग्ध उत्पादन के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित हो रहे वाराणसी में मार्च महीने से दो लाख लीटर दूध उत्पादन की उम्मीद है। राष्ट्रीय दूध विकास बोर्ड ने इसके लिए दुग्ध समितियों के गठन के साथ ही पूरी कार्ययोजना तैयार की है। फिलहाल दो लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता के साध।ान–संसाधन होने के बाद भी 18 हजार लीटर दूध की ही प्रोसेसिंग हो रही है। हालांकि दो महीने पहले तक डेयरी का संचालन प्रादेशिक कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड (पीसीडीएफ) की ओर से किया जाता था। तब प्रतिदिन की उत्पादन क्षमता दो से तीन हजार लीटर थी। दरअसल, पराग डेयरी का संचालन उत्तर प्रदेश की प्रादेशिक कोआपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड (पीसीडीएफ) द्वारा किया जा रहा था। मगर, करीब दो महीने पहले नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (एनडीडीबी) ने इसका अधिग्रहण कर लिया गया है। एनडीडीबी के अधिकारियों का मानना है कि पूरी क्षमता से इस प्लांट का संचालन करने के लिए सबसे पहले खाली पदों को भरना होगा। इसके साथ ही मार्च तक उत्पादन बढ़ाने की कार्ययोजना भी तैयार की गई है। इसमें दूध की भरपूर मात्रा संग्रह कर के सिस्टम चलाना और टैंकर की व्यवस्था की जा रही है। तापमान नियंत्रित करने के लिए बड़ी मात्रा में कूलर लगाए जाएंगे। डेयरी से दूरी बना चुके मिल्क पार्लर व बूथ के साथ ही एजेंट जोड़े जाएंगे। बोर्ड पांच साल तक माडल प्लांट के रूप में संचालित करने की योजना पर काम कर रहा है। एनडीडीबी के प्रबंध निदेशक सुनील सिन्हा ने बताया कि जब बोर्ड ने डेयरी को टेकओवर किया था, तब उत्पादन दो से तीन हजार लीटर ही दूध।ा का उत्पादन था। बीते दो माह में 17 से 18 हजार लीटर दूध का उत्पादन हो रहा। इससे जुड़े दूधियों को उनके उत्पाद का आठ दिनों में ही पैसा मिल जा रहा था। दो लाख लीटर उत्पादन वाले डेयरी के मार्च तक पूरी क्षमता से संचालित करने का लक्ष्य है। इसके लिए नए और कुशल कर्मचारियों के भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जा रहा है। पराग डेयरी – एक नजर में रामनगर में पराग डेयरी बनी – 1978 ऑटोमेशन प्लांट चालू– जुलाई, 2019 से प्लांट की क्षमता – चार लाख लीटर पाउडर प्लांट की क्षमता – दो लाख लीटर लिक्विड दूध प्लांट की क्षमता– दो लाख लीटर छह जिलों से आता है दूध पराग डेयरी प्लांट में वाराणसी समेत छह जिलों से दूध आता है। इसके लिए चार सौ से ज्यादा दुग्ध समितियां काम कर रही हैं। इसमें वाराणसी में 2500 लीटर, गाजीपुर से 1500 लीटर, चंदौली से 8000 लीटर, जौनपुर से 1500 लीटर, भदोही से 300 लीटर व मिर्जापुर के चुनार से 1000 लीटर संग्रह किया जाता है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने गिरीश यादव के खिलाफ फूंका विगुल : पुनः टिकट मिला तो हम लोग करेगें उनका बहिष्कार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : 2022 विधानसभा चुनाव को लेकर जहां बीजेपी खेमें से मंत्री, विधायक और नेता भागकर साईकिल पर सवार हो रहे है वही जिले के कार्यकर्ताओं ने सरकार में मंत्री व नगर विधायक गिरीश चंद्र यादव के खिलाफ विगुल फूंक दिया है। मंगलवार को पूर्व मण्डल अध्यक्ष करंजाकला ने भारी संख्या में ब्राहमण समाज के लोगो के साथ मीडिया से बातचीत किया। उन्होने जहां गिरीश चंद्र यादव पर जातीय भेदभाव करने का आरोप लगाया वही नगर पालिका चुनाव, लोकसभा चुनाव और मल्हनी उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को हराने का ठीकरा मंत्री के सिर पर ही फोड़ा। यदि गिरीश यादव को पुनः टिकट दिया गया तो हम लोग उनका बहिष्कार करेगें। रविन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि मैं युवा अवस्था से भाजपा के लिए कार्य कर रहा हूं पार्टी ने मुझे करंजाकला मण्डल अध्यक्ष बनाया था। बीजेपी मेरे लिए मां है। लेकिन जबसे नगर विधायक और सूबे में मंत्री गिरीश यादव हुए उसके बाद से वे केवल एक ही जाति के लोगो के लिए काम कर रहे, जमकर भ्रष्टाचार किया और ब्राहमण समाज की पूरी तरह से उपेक्षा किया है। उन्होने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, संगठन मंत्री समेत सभी शीर्ष नेताओं से मीडिया के माध्यम से अनुरोध किया कि अगर नगर विधानसभा सीट जीतना है तो यहां से किसी मौर्या समाज के ईमानदार कर्मठ प्रत्याशी को टिकट देकर मैदान में भेजे। अगर गिरीश यादव को टिकट मिला तो यह सीट भाजपा हार जायेगी। यदि पार्टी गिरीश चंद्र यादव चुनाव लड़ाना चाहती है तो उन्हे यादव बाहुल्य वाले मल्हनी सीट से चुनाव लड़ाये जिससे दोनो सीटो पर कमल खिल जायेगा। रविन्द्र कुमार मिश्रा ने अपनी भड़ास निकलते हुए कहा कि गिरीश यादव हर मंच से विपक्षी पार्टियों के नेताओ पर कुनबा वाली



राजनीति करने का भाषण देते है लेकिन वे खुद इसी से प्रेरित होकर एक भाई को जिला पंचायत सदस्य बनवाया दूसरे भाई की पत्नी को ब्लाक प्रमुख करंजाकला की कुर्सी पर बैठा दिया। दूसरी तरफ मंत्री ने नगर पालिका चुनाव में भाजपा प्रत्याशी किरन श्रीवास्तव को हराने काम किया। लोकसभा चुनाव में बीजेपी के प्रत्याशी सांसद के पी सिंह को करारी शिकस्त इन्हे के कारण मिला उसके बाद मल्हनी विधानसभा उप चुनाव में अपने राजनीतिक गुरू स्वर्गीय पारसनाथ यादव पुत्र सपा प्रत्याशी लकी यादव को विजय श्री दिलाई। रविन्द्र मिश्रा ने मंत्री पर भ्रष्टाचार करने का आरोप मढ़ा है। उन्होने कहा कि नगर में अमृत योजना के तहत शहर में बिछायी जा रही पाइप लाइन और एसटीपी में जमकर गोलमाल हुआ है। जिसकी जांच विधान परिषद समिति के आदेश पर चल रही है। श्री मिश्रा ने पार्टी के शीर्ष पदाधिकारियों से निवेदन किया कि यदि पुनः गिरीश चंद्र यादव को नगर सीट से टिकट मिला तो यह जांच टीम को प्रभावित कर सकते है तथा ब्राहमण समाज इनके कार्यकाल में उपेक्षित रहा। इस लिए इस नगर विध ाानसभा सीट पर किसी मौर्य समाज से तेज तर्रार, इमानदार तथा घपले घोटाले से दूर रहने वाले प्रत्याशी को मैदान उतारे अन्यथा हम लोग गिरीश यादव का बहिष्कार करने पर मजबूर हो जायेगें। इस मौके पर रविन्द्र मिश्रा के साथ राजकेश मिश्रा बुथ अध्यक्ष धौरईल,शुभम मिश्रा,प्रमोद मिश्रा,जगदम्बा दुबे,सुधाशु मिश्रा,राजेन्द्र पाण्डेय ,गुरू गोविन्द उपाध्याय,शिवशंकर मिश्रा, संजय मिश्रा, रजनीश कुमा मिश्रा,अवनीश सिंह, रामजग प्रजापति, रमेश मिश्रा, मंगला मिश्रा समेत भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जंगली सूअर के हमले में महिला घायल



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खेतासराय क्षेत्र के पोरईखुर्द गांव में सोमवार की शाम खेत में गई एक महिला पर जंगली सूअर ने हमला कर दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने जौनपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। गांव की 52 वर्षीय उर्मिला पत्नी स्व. रामहरख राजभर शाम को खेत में आलू खोदने गई थी। इस दौरान एक जंगली सूअर ने महिला पर अचानक हमला कर दिया। उसकी चीख पुकार सुनकर आसपास के दौड़कर जंगली सूअर को भगाया। हमले में महिला बुरी तरह घायल हो गई। जंगली सूअरों के आतंक से ग्रामीण भयभीत हैं।

# ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बक्शा थाना क्षेत्र के महिमापुरडीह के पास ट्रक की चपेट में आने से मंगलवार की शाम बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए शव को पीएम



हेतु भेज दिया। बदलापुर थाना क्षेत्र के बेलावा लेदुका गांव निवासी डॉक्टर जेडी राव बक्शा थाना क्षेत्र के करतिहा गांव में प्रैक्टिस करतें है। दो पुत्रों में बड़ा 22 वर्षीय पुत्र स्वतंत्र राव करतिहा से बाइक लेकर बदलापुर जा रहें थे। स्वतंत्र अभी हाइवे पर स्थित घटनास्थल के समीप एक ढाबे के पास पहुँचे ही थे तभी पीछे से ओवरटेक कर रही ट्रक युवक को कुचलते हुए भाग निकली। सूचना पर दर्जनों लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर पहुँची पुलिस शव को थाने ले गई। परिजनों के थाने पहुँचने पर करुण क्रंदन से माहौल शोकाकुल हो गया।

# संक्रमण रोकने को टीकाकरण के साथ अपनाएं पांच जरूरी मंत्र

अयोध्या संवाददाता अमित कुमार मणि त्रिपाठी : कोविड टीकाकरण के एक साल पूरे होने पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन–उत्तर प्रदेश के कोविड टीकाकरण के ब्रांड एंबेस्डर व केजीएमयू के रेस्परेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकान्त ने अपना अनुभव साझा किया । उन्होंने कहा कि साल भर के अनुभव और दुनिया के आ रहे अध्ययन से यह साफ पता चलता है कि कोविड–19 के संक्रमण से अगर खुद के साथ घर–परिवार व समुदाय को सुरक्षित रखना है तो कोविड टीकाकरण कराना सभी पात्र लोगों के लिए बहुत जरूरी है । टीकाकरण के साथ जरूरी प्रोटोकाल (पाँच मंत्र) का पालन भी सभी की भलाई के लिए आवश्यक है । ज्ञात हो कि 16 जनवरी 2021 से शुरू हुए कोविड टीकाकरण के पहले दिन पहला टीका डॉ. सूर्यकान्त ने लगवाया था। डॉ. सूर्यकान्त का कहना है कि कोविड की पहली लहर में तो बचाव का कोई टीका था ही नहीं लेकिन दूसरी लहर में ज्यादातर वही लोग गंभीर रूप से कोरोना की चपेट में आए जिन्होंने टीका नहीं लगवाया था । देश में इसबीच कोरोना एक बार फिर तेजी से पाँव पसार रहा है । ऐसे में अभी हाल ही में मुंबई के एक अस्पताल से आए आँकड़े बताते हैं कि अस्पताल में भर्ती होने वाले 95 फीसद कोरोना संक्रमित ने टीके की दोनों डोज नहीं लगवा रखी थी । इसलिए सभी से यही अपील है कि संक्रमण को रोकने के लिए जब जिसकी बारी आए टीकाकरण जरूर कराएं । टीका कोरोना से सुरक्षा तो प्रदान ही करेगा और अगर उसके बाद भी कोरोना की चपेट में आते हैं तो ऐसी गंभीर स्थिति नहीं बनेगी की अस्पताल में भर्ती होने की नौबत आए। डॉ. सूर्यकान्त का कहना है कि देश के साथ ही प्रदेश ने एक साल के भीतर अभियान चलाकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को टीका लगाने का कीर्तिमान बनाया है । इसे अभी आगे भी जारी रखना है ताकि कोरोना को पूरी तरह से खत्म करने में देश कामयाब बन सके । उन्होंने कहा कि अगर प्रदेश की बात करें तो 18 साल से अधिक उम्र के करीब पौने पंद्रह करोड़ लोगों को टीका लगाना था जिसमें से करीब 13.71 करोड़ (93 फीसद) को पहली डोज लगाई जा चुकी है और 8.56 करोड़ (58 फीसद) को दोनों डोज लग चुकी है। 10 जनवरी से फ्रंट लाइन और हेल्थ केयर वर्कर के साथ ही 60 साल से अधिक उम्र के गंभीर बीमारी से ग्रसित बुजुर्गों को प्री काशन डोज (एहतियाती डोज) लगाई जा रही है, जिसके तहत अब तक करीब 3.84 लाख लोगों ने इस डोज को भी अपनाया है । 15 से 18 साल के किशोर–किशोरियों का भी टीकाकरण भी इसी माह तीन जनवरी से शुरू हुआ है । प्रदेश में इस श्रेणी के करीब 1.40 करोड़ बच्चों को टीका लगना है, जिसमें से 12 दिन में लगभग 50 लाख बच्चों का टीकाकरण किया जा चुका है । 12 साल से कम उम्र के बच्चों का टीकाकरण अभी नहीं चल रहा है, ऐसे में घर के सभी बड़ों की जिम्मेदारी है कि वह अपने साथ उन छोटे बच्चों की सुरक्षा के लिए टीके की निर्धारित डोज जल्दी से जल्दी लगवा लें । पाँच जरूरी मंत्र अपनाएं–डॉ. सूर्यकान्त का कहना है कि यह बात शुरू से बताई जा रही है कि कोरोना को मात देना है तो दो काम हाथों के लिए बहुत जरूरी हैं और दो काम पैरों के लिए । इसके तहत सबसे पहले तो किसी से भी हाथ मिलाने की जगह नमस्कार करना है और दूसरा हाथों को बार–बार साबुन–पानी से धुलते रहना है । तीसरा मंत्र यह है कि पैरों को भीड़भाड़ में जाने से रोकना है और चौथा एक दूसरे से दो गज की दूरी बनाए रखनी है । पाँचवाँ और आखिरी सबसे जरूरी मंत्र है कि मास्क से परेशान हुए बगैर उसका पालन करें क्योंकि कोरोना हर जगह और हर वक्त ताक लगाए बैठा है । जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाते हुए सार्वजनिक जगहों पर हमेशा मास्क लगाकर रखें । यह कोरोना ही नहीं बल्कि वायु प्रदूषण व टीबी–निमोनिया समेत कई अन्य संक्रामक बीमारियों से भी बचाएगा।

# राजा श्री कृष्ण दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय को किया गया सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राष्ट्रीय सेवा योजना,उत्तर प्रदेश एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में लखनऊ विश्वविद्यालय में 17 दिसंबर को मुस्कुराएगा इंडिया मीट 2021 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 10 सितंबर,2021 से 10 अक्टूबर,2021 के बीच मानसिक स्वास्थ्य माह हेतु राजा श्री कृष्ण दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय जौनपुर के द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए महाविद्यालय को सम्मानित किया गया। साथ ही साथ एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ संतोष पाण्डेय को मुस्कुराएगा इंडिया काउंसलर का पुरस्कार तथा महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवी बृजमोहन गुप्ता और आफताब को मुस्कुराएगा इंडिया के यंग एंबेसडर से सम्मानित किया गया। मंगलवार को डॉ संतोष पाण्डेय के द्वारा प्राचार्य डॉ शंभूराम जी को यूनिसेफ द्वारा प्रदत्त सम्मान पत्र और शील्ड प्रदान किया गया।कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य जी और पूर्व प्राचार्य के द्वारा महाविद्यालय के संस्थापक राजा यादवेंद्र दत्त दुबे के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया, जिसके पश्चात प्राचार्य प्रो. शंभूराम और



पूर्व प्राचार्य कै डॉ अखिलेश्वर शुक्ला ने सम्मानित कार्यक्रम अधिकारी और दोनो स्वयंसेवकों का माल्यार्पण कर प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। महाविद्यालय के इस उपलब्धि पर प्राचार्य , पूर्व प्राचार्य ने कहा कि बहुत हर्ष का विषय है कि संस्था को प्रदेश स्तर पर सम्मानित होने का गौरव प्राप्त हुआ है। एवं विशिष्ट तथ्य यह है कि स्वास्थ्य से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय संस्था यूनिसेफ तक महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी और स्वयंसेवी ने अपने अथक प्रयास से पहचान बनाने में सफलता प्राप्त किये। इस अवसर पर सुधाकर मौर्य, डॉ. देवमणि दुबे , संजय सिंह ( कार्यालय अधीक्षक) , ओमप्रकाश, अखिलेश मौर्य (जादू) आदि मौजूद रहे।

# पिछड़ा मोर्चा ने सामाजिक सम्पर्क अभियान के तहत सम्पर्क किया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सामाजिक संपर्क अभियान के अन्तर्गत आज पिछड़ा मोर्चा भाजपा जौनपुर ने सदर विधान सभा की जनसम्पर्क टोली ने शर्मा समाज और प्रजापति समाज के घर घर जाकर केन्द्र



व प्रदेश की भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बताया। सम्पर्क टोली द्वारा मोदी सरकार की पिछड़ी जातियों के हित के लिए चलाई गई योजनाओं के बारे मे बताया गया। सामाजिक सम्पर्क की प्रजापति टोली में विक्रम प्रजापति, नरसिंह प्रजापति, राहुल प्रजापति, अम्बर प्रजापति, राजू प्रजापति, प्रेमचन्द्र प्रजापति एवं शर्मा समाज की टोली मे शरद शर्मा, मोनू शर्मा, टिंकल शर्मा, शनि शर्मा और काजू शर्मा शामिल रहे।

# डीएम व एसएसपी ने की सोहावल में भ्रमणकर लोगों से भयमुक्त होकर मतदान की अपील

अयोध्या संवाददाता अमित कुमार मणि त्रिपाठी : विधानसभा चुनाव को देखते हुए डीएम व एसएसपी ने विकास खंड और विद्यालय का जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने मिली खामियों पर नाराजगी जताकर इन्हें जल्द दूर कराने की हिदायत दी। विकास खण्ड सोहावल परिसर,प्राथमिक विद्यालय शेखर पुरा और उच्च माध यमिक विद्यालय अरथर का औचक निरीक्षण किया। डीएम व एसएसपी ने शेखरपुरा स्कूल का चुनाव के मद्देनजर तैयारियों का निरीक्षण किया डीएम व एसएसपी ने शेखरपुरा स्कूल का चुनाव के मद्देनजर तैयारियों का निरीक्षण किया उपस्थित पंजिका के साथ–साथ साफ सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया। डीएम नितीश कुमार ने मंगलवार को एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय के साथ सोहावल के विकासखंड परिसर पहुंचे जिलाधिकारी ने कम्प्यूटर कक्ष, व्यायाम शाला, चौधरी चरण सिंह सभागार तथा उपस्थित पंजिका के साथ–साथ साफ सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण में आवास योजना के पंजिका में लाभार्थी की फोटो एवं अन्य अभिलेखों में कमियां मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और त्रुटियों को यथाशीघ्र दूर करने की हिदायत दी। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि विकासखण्ड परिसर में सभी एडीओ समय से कार्यालय में उपस्थित हो तथा आम जन की समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करें। साथ ही दस्तावेजों का रख रखाव सही तरीके से किया जाय। लोगों से भयमुक्त होकर मतदान की अपील की विकास खण्ड परिसर का निरीक्षण करने के बाद जिलाधिकारी ने आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय शेखपुर जाफर और उच्च माध्यमिक विद्यालय अरथर के साथ अन्य क्षेत्र का निरीक्षण किया।बताया गया कि जिलाधिकारी ने क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान जिलाधि ाकारी और एसएसपी ने लोगों से वार्ता करते हुये आगामी चुनाव के मद्देनजर किसी भी किस्म की असमाजिक तत्वों व गतिविधियों का जायजा लिया और लोगों को भयमुक्त होकर आगामी 27 फरवरी मतदान दिवस के दिन अपने मताधि ाकार का प्रयोग करने की अपील की। निरीक्षण के समय उप जिलाधिकारी सोहावल अनुराग प्रसाद, खण्ड विकास अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# कोरोना के बीच आयोग कराएगा इंटरव्यू

प्रयागराज ब्यूरो : तेजी से फैल रहे कोरोना संक्रमण के बीच उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) सीधी भर्ती के तहत इंटरव्यू कराने जा रहा है। आयोग ने उत्तर प्रदेश राज्य यूनानी चिकित्सा सेवा के तहत यूनानी चिकित्साधिकारी और उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के तहत रोग विज्ञानी एवं फल प्रजनक के पदों पर भर्ती के लिए इंटरव्यू का कार्यक्रम जारी कर दिया है। राजकीय यूनानी चिकित्सालयों में यूनानी चिकित्साधिकारी के 25 पदों पर भर्ती के लिए इंटरव्यू 24 एवं 25 जनवरी को सुबह 10 से अपराह् दो बजे तक होंगे। यूनानी चिकित्साधिकारी के 25 पदों में 17 पद अनारक्षित और आठ पद अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित हैं। इंटरव्यू से संबंधित विस्तृत जानकारी आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। वहीं, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के तहत रोग विज्ञानी के एक पद पर भर्ती के लिए इंटरव्यू 24 जनवरी को होगा। यह पद ओबीसी श्रेणी के लिए आरक्षित है। इसी विभाग में फल प्रजनक के एक अनारक्षित पद पर चयन के लिए साक्षात्कार 24 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। आज जारी होंगे एसीएफ/आरएफओ परीक्षा के कटऑफ सहायक वन संरक्षक (एसीएफ)/क्षेत्रीय वन अधिकारी (आरएफओ) भर्ती परीक्षा–2017 से संबंधित सभी अभ्यर्थियों के प्राप्तांक एवं कटऑफ अंक 19 जनवरी को जारी किए जाएंगे। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सचिव जगदीश के अनुसार प्राप्तांक एवं कटऑफ अंक 19 से 25 जनवरी तक आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेंगे। अभ्यर्थी अपने अनुक्रमांक एवं जन्म तिथि के आधार पर




प्राप्तांक देख सकते हैं। प्राप्तांक एवं श्रेणीवार कटऑफ अंक से संबंधित कोई भी प्रार्थनापत्र सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत स्वीकार नहीं किए जाएंगे और न ही उन पर विचार किया जाएगा। स्टाफ नर्स भर्ती परीक्षा को लेकर शुद्धिपत्र जारी उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने स्टाफ नर्स/सिस्टर ग्रेड–2 (पुरुष/महिला) परीक्षा–2021 के अभिलेख सत्यापन को लेकर पूर्व में जारी विज्ञप्ति को लेकर शुद्धिपत्र जारी किया है। विज्ञप्ति में एक जगह सत्यापन की तिथि '27.01.2028' अंकित कर दी गई थी, जिसे संशोधित करते हुए '27.01.2022' कर दिया गया है। संग्रहालयाध्यक्ष पद पर तृप्ति का चयन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने संस्कृति विभाग के तहत संग्रहालयाध यक्ष के एक अनारक्षित पद पर सीधी भर्ती का अंतिम चयन परिणाम जारी कर दिया है। इस पद पर तृप्ति राय को चयनित घोषित किया गया है। भर्ती के लिए साक्षात्कार 17 जनवरी को आयोजित किया गया और अगले दिन परिणाम जारी कर दिया गया।

# मानव तस्करी कर देह व्यापार कराने में 41 आरोपी दोषी करार

प्रयागराज ब्यूरो : जिला न्यायालय ने मानव तस्करी के जरिए देश के कई हिस्सों से बालिग एवं नाबालिग लड़कियों को लाकर उनकी मर्जी के खिलाफ वेश्यावृत्ति कराए जाने के मामले में 41 अभियुक्तों को दोषी करार दिया है। न्यायालय 25 जनवरी को सजा के बिंदु पर सुनवाई करेगा। सभी आरोपी फिलहाल नैनी सेंट्रल में बंद हैं। यह आदेश अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रचना सिंह ने विशेष लोक अभियोजक आरपी सिंह, जिला



शासकीय अधिवक्ता गुलाब चंद्र अग्रहरी, एडीजीसी अमित मालवीय एवं संस्था के अधिवक्ता गोपाल कृष्ण को सुनकर दिया है। प्रकरण थाना कोतवाली स्थित बादशाही मंडी रेड लाइट एरिया मीरगंज का है। सामाजिक संस्था के कार्यकर्ता सुनील कुमार की शिकायत पर 48 अभियुक्तों के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इन अभियुक्तों में 33 महिलाएं थीं। एक मई 2016 को उप जिला मजिस्ट्रेट सदर की अगुवाई में रेड लाइट एरिया में दबिश देकर कई युवतियों को अभियुक्तों के चंगुल से मुक्त कराया गया। इस प्रकरण में सरकार बनाम दुर्गा कामले सहित 48 अभियुक्तों के खिलाफ सत्र न्यायालय में विचारण किया गया। अभियुक्तों पर आरोप है कि मानव तस्करी के माध्यम से देश के कई हिस्सों से बालिग व नाबालिग लड़कियों को लाकर बंधक बनाकर वेश्यावृत्ति कराई जाती थी। उनकी खरीद–फरोख्त की जाती थी। पीड़िताओं ने अपने बयान में कहा था कि उनको उनके मूल स्थान से बहला फुसलाकर व लालच देकर यहां लाया गया। शारीरिक शोषण व जबरन देह व्यापार कराया जाता है। न्यायालय ने कुल 41 अभियुक्तों को अनैतिक व्यापार अधिनियम 1956 और भारतीय दंड संहिता की धारा 370 और 373 के अपराध में दोष सिद्ध पाया है। मुकदमे के दौरान छह अभियुक्तों की मृत्यु हो गई और एक अभियुक्त की पत्रावली अलग कर दी गई है। प्रकरण को शीघ्र निस्तारित करने के लिए उच्चतम न्यायालय ने निर्देश जारी किया था। कोर्ट द्वारा सजा के लिए 25 जनवरी को सुनवाई की जाएगी।

# जनपद के मिल्कीपुर में राशन की कालाबाजारी कर रहा था विक्रेता : मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर हुई थी शिकायत

अयोध्या संवाददाता अमित कुमार मणि त्रिपाठी : प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत गरीबों को वितरित किए जाने वाले राशन की कालाबाजारी करने वाले विक्रेता पर पूर्ति निरीक्षक मिल्कीपुर मुहीद खान की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मिल्कीपुर तहसील अन्तर्गत हैरिंग्टगंज विकास खण्ड क्षेत्र के केशवपुर चिलबिली गांव की कोटेदार पर उपभोक्ताओं ने अंगूठा लगाकर राशन न देने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री हेल्पलाइन एवं जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत किया था। शिकायत मिलने के बाद जिला पूर्ति अधिकारी अयोध्या अभिनव सिंह ने जांच के निर्देश पूर्ति निरीक्षक मिल्कीपुर को दिया था। पूर्ति निरीक्षक मिल्कीपुर मुहीद खान ने बीते 3 जनवरी 2022 को जांच किया था। उनकी जांच में 61 बोरी गेहूं की कालाबाजारी करने का मामला सही पाया गया था। पूर्ति निरीक्षक ने थाने पहुंच कर कोटेदार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने हेतु प्रार्थना पत्र दिया। प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना कुमारगंज पुलिस ने केशवपुर चिलबिली गांव निवासिनी कोटेदार शांति देवी के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 19/22 धारा 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया । थानाध्यक्ष कुमारगंज वीर सिंह ने बताया कि मामले की विवेचना की जा रही है।

# वीडीओ कान्फ्रेंसिंग में नहीं पहुंचे कर्मचारी : वीडियो ने उच्चाधिकारियों को कर्मचारियों के खिलाफ लिखा पत्र

अयोध्या संवाददाता अमित कुमार मणि त्रिपाठी : चुनाव व ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों के संबंध में नवागत खंड विकास अधिकारी द्वारा बुलाई गई मीटिंग में ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारी नदारद रहे। खंड विकास अधिकारी कर्मचारियों की आने की राह ताकते रहे बाद में गैरहजिर लोगों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने की बात उन्होंने कही। मिल्कीपुर तहसील के विकासखंड मुख्यालय पर सोमवार को बीडियो रामबरन ने बैठक बुलाई थी। जिसमें ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी समेत पंचायत विभाग के कर्मचारियों को 10 बजे उपस्थित रहना अनिवार्य था। सुबह 9:30 पर वीडियो भी अपने कार्यालय पहुंच गए थे।10 बजे से लेकर 1 बजे तक भूपेंद्र तिवारी व हरेंद्र सिंह को छोड़कर बाकी 12 सेक्रेटरी मीटिंग में नहीं पहुंचे । इसके पहले भी ब्लाक कर्मचारियों के समय से कार्यालय न पहुंचने की शिकायत जिला अधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी से हो चुकी है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी राम बरन ने बताया कि गैरहाजिर कर्मचारियों के विरुद्ध जिला पंचायत राज अधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी को पत्र के माध यम से अवगत कराया जाएगा। मनमानी पर लगाम लगाने के लिए कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# भाकपा ने सूर्यकांत पाण्डेय को बनाया अयोध्या का प्रत्याशी

अयोध्या संवाददाता अमित कुमार मणि त्रिपाठी : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की जिला मंत्री परिषद की बैठक में अयोध्या विधानसभा से चुनाव में प्रत्याशी लड़ाने का निर्णय लिया गया।जिला सचिव रामतीर्थ पाठक के आवास पर सम्पन्न बैठक की अध यक्षता प्रदेश कौसिंल के सदस्य अशोक तिवारी ने किया। बैठक में लिए गए फैसले के मुताबिक अयोध्या से सूर्य कांत पाण्डेय को लड़ाने तथा 25 जनवरी तक सदस्यता का नवीनीकरण करने का निर्णय लिया गया।बैठक में हुई चर्चा मे कहा गया कि सांम्प्रदायिक तत्वों का बैचारिक मुकाबला वामपंथी विचारधारा द्वारा ही किया जा सकता है।जिस प्रकार अयोध्या को प्रयोगशाला बनाने का प्रयास किया जा रहा है उससे भाकपा ही निजात दिला सकती हैं। मंत्रिपरिषद की बैठक को संपूर्णानंद बागी, रामजीराम यादव,अनिरुद्ध मौर्या के अलावा सूर्य कांत पाण्डेय ने भी संबोधित किया।

# तारुन ब्लाक के जाना बाजार स्थित तौल केन्द्र पर तैनात कर्मियो पर किसानो ने लगाया उत्पीड़न का आरोप

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के विकास खंड तारुन क्षेत्र के जाना बाजार स्थित गन्ना तौल क्रय केंद्र हथिगौ के किसानों ने गन्ना कर्मचारियों अधिकारियों के ऊपर अपने उत्पीड़न के साथ अपमानित करने के जैसे कई गंभीर आरोप लगाया।अपने उत्पीड़न से आक्रोशित किसानों ने मंगलवार को क्रय केंद्र पर गन्ना रखकर प्रदर्शन भी किया। अपमानित किसानों ने गन्ना समिति मसोधा से अपने नाम को काटकर मिझौडा चीनी मिल से जोड़ने की भी मांग की है।इसकी लिखित शिकायत किसानों ने गन्ना सचिव को भेज दी है।किसानों के प्रदर्शन के दौरान आक्रोश को देखकर कांटा इंचार्ज फरार हो गया।वही थाना क्षेत्र हैदरगंज के हाथिगौ ग्राम पंचायत में स्थापित गन्ना सहकारी समिति मसोधा चीनी मिल का गन्ना क्रय केंद्र का है।इस क्षेत्र के सैकड़ों गन्ना किसान अपनी गन्ना बेचने के लिए समिति से पंजीकृत किसान हैं जिनका सट्टा बना हुआ है।वही समय से अपना गन्ना न बेच पाने और अपने साथ अभद्रता उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए गन्ना किसान सुरेश तिवारी बाबा ने कहा गन्ना समिति जरूरतमंद किसानों के सटटा को छोटा कर दिया है उनका सर्वे कम किया ।और जिनके पास गन्ना ही नहीं है। उनका फर्जी सर्वे करके बड़ा सट्टा बना दिया है ।जिससे हम किसानों की पर्चियां कम आती है और बेचने में मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं गन्ना लाने पर बोगस गन्ना बता कर बेइज्जत पूर्वक वापस भी कर दिया जाता है। और अधिकारियों से शिकायत करने पर अपमानित होना पड़ता है।गन्ना किसान लल्लू सिंह ने कहा हम गन्ना किसान अधिकारियों कर्मचारियों के उत्पीड़न से बहुत आहत हो चुके है।यह भी बताया कि हम गन्ना किसान इतना बेइज्जत हो चुके हैं अपमानित हो चुके कि अब मसोधा चीनी मिल को गन्ना बेचना ही नहीं चाहते हैं। सुमित किसानों की नहीं दलालों की ही सुनती है। हम किसानों ने गन्ना सहकारी समिति मसोधा के सचिव से मिलकर अपने दर्द की कहानी बयां करते हुए लिखित सूचना देकर मांग किया है। कि हम किसानों को मिझौडा चीनी मिल से जोड़ दिया जाए हम वही अपना गन्ना बेचेंगे। अपने साथ हुए अभद्रता उत्पीड़न से पीड़ितों के द्वारा दिए शिकायती पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में गन्ना किसान श्याम नारायण तिवारी ,अयोध्या सिंह, रामबरन पांडे ,जमुना प्रसाद, गिरिजा अवध नारायण सिंह कमला शंकर पांडे ,शिव शंकर सिंह सहित दर्जनों किसानों ने हस्ताक्षर करते हुए अपनी मंशा जाहिर की है और कहा अबअपमान बर्दाश्त नहीं है। प्रदर्शन के दौरान टाटा इंचार्ज तरह केंद्र छोड़कर भाग खड़ा हुआ और अधिकारियों से फोन संपर्क बनाने पर संपर्क नहीं हो सका।

# दलित महिला को अपना बाइक बेचना पड़ा महंगा : एसओ तारुन के मुताबिक पुलिस कर रही कार्यवाही

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के विकास खंड तारुन क्षेत्र में स्थित कोरो राघवपुर निवासी दलित महिला को अपनी ही बाइक बेचना महंगा साबित हो रहा है।पीडिता के मुताबिक 18 माह बाद भी खरीदने वाला अपने नाम बाइक स्थानांतरित नहीं कराया।पीडित महिला के द्वारा उसे कहने पर उल्टे वह महिला को ही भद्दी भद्दी गाली देते हुए उससे पैसे की मांग कर रहा और मारने पीटने की धमकी दे रहा है।इससे आहत पीड़ित महिला ने शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल सहित स्थानीय थाने से करते हुए कार्यवाही की मांग की है।इस संबंध में थाना क्षेत्र हैदरगंज के कोरोराघवपुर निवासिनी दलित महिला सावित्री पत्नी शंकर ने बताया कि उसने 18 माह पहले थाना तारुन के गांव ककराही मिश्ररहिया निवासी मायाराम के हाथ अपनी प्लैटिना बाइक जिसका नंबर यूपी 42 ए क्यू 86 58 को पैसे की आवश्यकता के हिसाब से 24000 नगद लेकर भेज दिया था। दोनों के बीच में बेच नामा लिख दिया गया था। और कहा था कि मैं अपने नाम से गाड़ी को करा लेंगे परंतु अभी तक अपने नाम गाड़ी को स्थानांतरित न कराने पर डरी सहमी महिला उसके घर कई बार जाकर कहा अपने नाम गाड़ी को करा लो परंतु स्थानांतरित नहीं करा रहा।पीडिता महिला के मुताबिक 16 जनवरी को मायाराम के द्वारा फोन पर बुलाने पर पीड़ित महिला उसके घर गई तो देखते ही मयाराम उसको भद्दी भद्दी जातिसूचक गालियां देते हुए पैसों की मांग करने लगा और कहां तुम्हें अब मुझे पैसा देना होगा और नहीं तो गाड़ी में स्तांतरित नहीं कराउगा और कहीं फर्जी मुकदमे में गाड़ी को फंसा दूंगा। पैसा न देने पर मारने पीटने की भी धमकी दी। यह आरोप लगाते हुए पीड़िता ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल सहित स्थानीय थाना तारुन में लिखित रूप से दी है प्रकरण के संबंध में थानाध्यक्ष तारून से पूछे जाने पर उन्होंने कहा जानकारी मिली है कार्यवाही की जा रही है।

# कोविड प्रबंधन हेतु गठित उच्चस्तरीय टीम–09 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा–निर्देश

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : प्रदेश में 18 वर्ष से अधिक उम्र के 94.54% लोगों ने टीके की पहली डोज प्राप्त कर ली है, जबकि 60% से अधिक आबादी कोविड टीके की दोनों डोज ले चुकी है। प्रदेश में टीकाकरण की यह स्थिति राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। विगत दिवस तक 15–17 आयु वर्ग के लगभग 42 % किशोरों ने टीका कवर प्राप्त कर लिया है और 35% पात्र लोगों को प्री–कॉशन डोज भी मिल चुकी है। यह सुनिश्चित किया जाए कि 22 जनवरी तक किशोर वर्ग को तथा 25 जनवरी तक प्रदेश के हर नागरिक को टीके की पहली खुराक जरूर मिल जाए। जिनकी दूसरी डोज बकाया हो, उनकी सूची तैयार कर संपर्क–संवाद बनाएं और टीकाकवर दिलाएं। कोरोना के अब तक के रिकॉर्ड में एक दिन अधिकतम 38 हजार नए केस दर्ज किए गए थे। वहीं इस बार की लहर में एक दिन में अधिकतम 17 हजार केस आए हैं। ओमिक्रोन की तीव्रता और पॉजिटिविटी दर को देखें तो स्पष्ट होता है कि उत्तर प्रदेश में स्थिति नियंत्रण में है। बहुत कम संख्या में लोगों को अस्पताल की जरूरत पड़ रही है। सामान्य मरीज होम आइसोलेशन में रहकर चिकित्सक की सलाह से अपना इलाज कर सकता है। लोगों को इस संबंध में जागरूक किया जाना चाहिए। कोविड की वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए प्रत्येक जिले में कम से कम एक बड़ा अस्पताल डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल के रूप में आरक्षित किया जाए। इस बारे में जनसामान्य के बीच प्रचार–प्रसार भी होना चाहिए। अन्य अस्पताल नॉन कोविड मरीजों के लिए उपलब्ध रहें। ओपीडी सेवाओं को कोविड प्रोटोकॉल का साथ संचालित रखा जाना चाहिए। विगत 24 घंटों में 02 लाख 08 हजार 308 कोरोना टेस्ट किए गए, जिसमें 14,803 नए कोरोना पॉजिविट पाए गए। इसी अवधि में 20,191 लोग उपचारित होकर कोरोना मुक्त भी हुए। वर्तमान में कुल एक्टिव केस की 01 लाख 01 हजार 114 है। इनमें से 99% लोग घर पर ही उपचाराधीन हैं। कोविड की नई लहर के बीच प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में पारंपरिक मेले, स्नान पर्व आदि के आयोजन भी हो रहे हैं। यह कोविड प्रबंधन के यूपी मॉडल का ही एक उदाहरण है कि प्रयागराज में विशाल पारंपरिक माघ मेला सकुशल चल रहा है। कहीं से भी संक्रमण के अत्यधिक प्रसार, अथवा अन्य किसी अव्यवस्था की सूचना नहीं है। स्वास्थ्य सम्बन्धी एहतियात बरतते हुए लाखों श्रद्धालु पूजन–अर्चन कर रहे हैं। इसके लिए हमारे स्वास्थ्यकर्मी, स्थानीय प्रशासन व श्रद्धालुगण बधाई के पात्र हैं। सतर्कता–सावधानी का यह क्रम सतत बना रहे। हमारा प्रदेश टेस्टिंग और टीकाकरण में अन्य राज्यों के सापेक्ष प्रथम स्थान पर है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में प्रदेश में अब तक कोविड टीके की 23 करोड़ 44 लाख 43 हजार से अधिक डोज लगाई जा चुकी है। जबकि 09 करोड़ 67 लाख से अधिक टेस्टिंग हो चुकी है। यह देश के किसी एक राज्य में हुआ सर्वाधिक टेस्टिंग–टीकाकरण है। टीकाकरण की जनपदवार समीक्षा की जाए। कम टीकाकरण वाले जिलों में विशेष प्रयास की जरूरत है। शीतलहर और कोविड को देखते हुए असहाय, निराश्रित लोगों, अकेले रह रहे बुजुर्ग जनों, दिव्यांगजनों और गर्भवती महिलाओं, पर विशेष ध्यान दिया जाए। रैन बसेरों में समुचित प्रबंध रखे जाएं। पुलिस, राजस्व और नगर विकास और स्वास्थ्य विभाग की टीम इनके समुचित इलाज, भोजन आदि की व्यवस्था जरूर करे। ऐसे व्यक्ति यदि संक्रमित होते हैं तो उनके साथ अतिरिक्त संवेदनशीलता का भाव रखा जाना अपेक्षित है। ईएनए से भरे हुए दो ट्रक कल मेरठ जनपद में पकड़े गए हैं। चुनाव के दृष्टिगत ऐसी संभावना है इसका इस्तेमाल अवैध शराब बनाने में किया जाना था। यह प्रकरण गम्भीर है। ऐसे में एडीजी मेरठ की अध्यक्षता में एसआईटी गठित कर प्रकरण की गहन जांच कराई जाए। निगरानी समितियां घर–घर पहुंचे। संदिग्ध लोगों की पहचान करें, टेस्ट कराएं और मेडिकल किट उपलब्ध कराएं। ग्राम्य विकास, नगर विकास तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा निगरानी समितियों के कार्यों की समीक्षा की जाए। इंटीग्रेटेड कोविड कमांड सेंटर्स को पूर्णतः सक्रिय रखा जाए। होम आइसोलेशन के मरीजों हर दिन हाल–चाल पूछा जाए। उनके स्वास्थ्य की निगरानी होती रहे। जनपदीय आईसीसीसी में चिकित्सकों का पैनल तैनात करते हुए लोगों को टेलीकन्सल्टेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा हर जिले की आईसीसीसी की कार्यप्रणाली की समीक्षा की जाए। बारिश, ओलावृष्टि के कारण प्रभावित किसानों को तुरंत क्षतिपूर्ति कराई जाए। प्रभावित किसानों के साथ संवेदनशीलता बरती जाए। 23 जनवरी को प्रस्तावित शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के व्यवस्थित आयोजन के संबंध में पुख्ता तैयारियां कर ली जाएं। परीक्षा की शुचिता को प्रभावित करने अथवा युवाओं को दिग्भ्रमित करने की गतिविधियों में संलग्न / संदिग्ध अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए।

# अयोध्या से टिकट को लेकर भाातीय जनता पार्टी का मंथन जारी : अभी नहीं है तय

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : भारतीय जनता पार्टी में अयोध्या सीट पूरे विश्व में इस समय चर्चा का विषय बन गयी है।इस अति महत्वपूर्ण सीट पर यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ का नाम काफी दिनों से चर्चा में बना हुआ था। परंतु उनके गोरखपुर से लड़ने की घोषणा प्रथम लिस्ट में होने से इस पर विराम लग गया है। अयोध्या से टिकट के लिए जहां कई जन प्रतिनिधि और कार्यकर्ता अपना पूरा जोर लगाए हुए हैं।वहीं पर टिकट मांगने वालो की लंबी चौड़ी फौज खड़ी हो गई है। ऐसे में पार्टी को यहां से प्रत्याशी का नाम तय करना टेढ़ी खीर साबित हो रही है। पार्टी सूत्रों का मानना है की अयोध्या से राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े नेताओं के नाम पर भी विचार हो सकता है इससे प्रत्याशियों की भीड़ में मायूसी छा गई है और अगर ऐसा हुआ तो विद्रोह की भावना जहां कम हो जाएगी वहां पार्टी में आपसी खींचतान कलह पर विराम लग जाएगा।

# गरीब और असहाय बच्चों के लिए दाना पानी सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क कोचिंग सेंटर का किया गया उद्घाटन

अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। गरीबों एवं असहाय बच्चों के लिए अब निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने के लिए दाना पानी सेवा संस्थान द्वारा बाकरगंज मया बाजार अयोध्या में कोचिंग का उद्घाटन किया गया है। जिसमें बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जाएगी रोली सिंह (जिला पंचायत अध्यक्ष) अयोध्या) के प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह (रोहित), के द्वारा दीप प्रज्वलितत कर यह कोचिंग सेंटर का शुभारंभ किया। इस निःशुल्क कोचिंग सेंटर खोलने का उद्देश्य गरीब एवं असहाय बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्राप्त हो सके। संस्थान के अध्यक्ष कुलभूषण साहू का कहना है कि दाना पानी सेवा संस्थान द्वारा शहर वासियों व ग्रामवासियों के बच्चो को निःशुल्क शिक्षा मिल सके एवं उनके अच्छे भविष्य की शुरुवात हो सके। दाना पानी सेवा संस्थान का उद्देश् क्लीन यूपी, ग्रीन यूपी एण्ड एजुकेटेड यूपी बनाने में सहयोग प्रदान करेंगे इस कोचिंग का उद्घाटन में सम्मानित मुख्य अतिथि – आलोक अयोध्या मण्डल– बाल कृष्ण वैश्य,पूरा बाजार मण्डल अध्यक्ष– अनिल कुमार सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य – ध्रुव




गुप्ता संचालनकर्ता– राम बाबू कसौधन( युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष) अयोध्या मण्डल कोषाध्यक्ष भाजपा – संजय गुप्ता समाजसेवी– श्री भागीरथ पचेरीवाला देवेंद्र अग्रःहरि,रोहताश चंद्र,शीतल प्रसाद जिला उपाध्यक्ष– राम तेरस कसौधन(चंचल) व पवन(चंचल) उप प्रबंधक – मनतशा फिरदौस कोओर्डिनेटर – लवकुश चौरसिया,सदस्य – प्रशांत कसौधन, श्रेया कसौधन, दिशांत कसौधन, जीतन कसौधन आदि लोग मौजूद थे।

# उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है इस को कोई रोक नहीं सकता– बबलू खान

अयोध्या संवाददाता डॉ अजय कुमार तिवारी : राम मंदिर समर्थक और बीजेपी नेता बबलू खान ने अयोध्या के रुदौली विधानसभा से बीजेपी पार्टी से टिकट के लिए आवेदन किया है उनका मानना है कि अगर हमको पार्टी रुदौली विधानसभा से उम्मीदवार बनाती है तो यह सीट जरूर बीजेपी के खाते में जाएगी क्योंकि वहां पर हमने काम किया है और अयोध्या से एक ऐसा संदेश जाएगा कि जहां बीजेपी से एक मुसलमान उम्मीदवार जीत कर गया है। बीजेपी नेता बबलू खान ने स्वामी प्रसाद मौर्या के पार्टी से चले जाने पर कहा यह अवसरवादी लोग हैं मलाई काटने आए थे और 5 साल बाद उनको टिकट ना मिलने से पिछड़ों की दुहाई देकर चले गए जबकि सच्चाई यह थी कि अपने बेटे के लिए टिकट मांग रहे थे क्या पिछड़ों में उनका सिर्फ बेटा ही आता है उन्होंने कहा ऐसे लोगों के चले जाने से पार्टी और मजबूत होगी उन्होंने मुलायम सिंह की छोटी बहू अपर्णा यादव के पार्टी में आने को लेकर कहा अगर वह आती है तो बीजेपी में उनका स्वागत है बबलू खान ने कहा दोबारा भारतीय जनता पार्टी की उत्तर प्रदेश में सरकार बनने जा रही है इस को कोई रोक नहीं सकता उन्होंने कहा अगर बीजेपी हम को टिकट नहीं भी देती है तो भी हम जिंदगी पर भारतीय जनता पार्टी में रहकर पार्टी की सेवा करेंगे।

## बढ़ चढ़ा कारवां : चंहुओर मिल रहा है विनोद सिंह को समर्थन

अयोध्या संवाददाता डॉ अजय कुमार तिवारी : रूदौली विधानसभा से निर्दल चुनाव लड़ रहे उद्योगपति विनोद सिंह का कारवां दिनों दिन बढ़ता जा रहा।विनोद सिंह ने बताया बदलाव रूदौली की जनता के स्वभाव में है।इसलिए उन्हें चंहुओर लोगों का समर्थन मिल रहा है।मंगलवार को भी कई प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्यों सहित दर्जनों लोगों ने सपा भाजपा को छोड़कर मित्रदल का दामन थामा है।विनोद सिंह मंगलवार को रूदौली सभा क्षेत्र के कंदई गनेशपुर बदलेपुर हरिहरपुर रेछ रानेपुर मैरामऊ जैनाबाद गांवों में लोगों से मुलाकात की।मुलाकात के दौरान दर्जनों लोगों सपा भाजपा पार्टी छोड़ साथ आएं बदलाव लाएं की मुहीम से जुड़ते हुए विनोद सिंह की निर्दल पार्टी मित्रदल का दामन थामा।लोगों ने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है।और इस बार रूदौली में परिवर्तन होना है।और ये परिवर्तन सिर्फ विनोद सिंह ला सकते है।इसीलिए हम लोग विनोद सिंह से जुड़ रहे है।वही विनोद सिंह ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि मैं रूदौली विधानसभा की जनता के सम्मान को सुरक्षित रखने के लिए दृढ़ संकल्पित हूँ।मै गरीबों कमजोरों का शोषण नही होने दूंगा।उन्हें उनका हक दिलाऊंगा।भ्रष्टाचार को कम करने का प्रयास करूंगा।रूदौली से जाति–पात की राजनीति को खत्म करूंगा।विकास के साथ साथ पूरी विधानसभा में अच्छा माहौल बनाऊंगा।मित्रदल का दामन थामने वालों में प्रधान वैजनाथ सिंह प्रहलाद वर्मा रामसिंह रावत अनंतराम वर्मा राम प्रसाद वर्मा परमानंद लालचन्द्र राधेश्याम मौर्य श्री राम अनिल पांडेय श्री चन्द्र हरिशंकर मौर्य साहेब दीन प्रमोद गुप्ता विनय प्रताप पवन दयाशंकर राजेन्द्र फूलचन्द्र आदि दर्जनों लोग थे।

# सर्द हवाओं के साथ बढ़ी ठंड : प्रशासन की ओर से नही की गई अलाव की पर्याप्त व्यवस्था

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : कड़ाके की ठंड ने लोगों को घरों में कैद करने के लिए मजबूर कर दिया है।ऐसे में घरों से बाहर आने जाने वाले लोगों के लिए इस ठंड ने सबके सामने चुनौती खड़ी कर दी है।सुबह छाए घने कोहरे व दिनभर सर्द हवाओं के चलते व दोपहर बाद निकली धूप से भी लोगों को किसी तरह की कोई राहत नही मिल रही है। लगातार पड़ रही भीषण सर्दी के मौसम ने पूरे क्षेत्र को अपनी गिरफ्त में ले लिया है।कोहरा,लगातार चल रही ठंडी हवाएं व पाला का कहर लगातार शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जारी है लेकिन ऐसे में अभी तक प्रशासन की ओर से रुदौली व मवई क्षेत्र में अलाव की पर्याप्त व्यवस्था नहीं कराई गई है।जिससे नगर से लेकर चौराहों पर चलने वाले लोगों को इस गलन भरी ठंडक से थोड़ी बहुत राहत मिल सके।लोग फटे पुराने गत्ते पन्नी आदि को जलाकर अपने आप को सुरक्षित रखने के लिए मजबूर नजर आ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक तहसील क्षेत्र के किसी भी चौराहे पर अभी तक प्रशासन की ओर से अलाव की पर्याप्त व्यवस्था नहीं कराई गई। रूदौली नगर ,सीएचसी रूदौली, भेलसर चौराहा, शुजागंज, रसूलाबाद,मवई व मवई चौराहा, पटरंगा, नेवरा,रानी मऊ, सीएचसी मवई, पीएचसी पूरे कामगार आदि जगह पर अलाव की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

# हर मजिस्ट्रेट –पुलिस अधिकारी के मोबाइल में सी विजिल ऐप एक्टिव हो : चुनाव आयुक्त

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : यूपी के मुख्य चुनाव आयुक्त ने वीडयो कांफ्रेंस में सभी को अपने मोबाइल पर सी विजिल ऐप लोड करने और शिकायतों का तय समय में निस्तारण करने के लिए कहा आदर्श आचार संहिता के अनुपालन को लेकर मंगलवार को शाम चुनाव आयोग की ओर से वीडियो कांफ्रेंस की गई।मुख्य चुनाव अधिकारी ने वीडियो कांफ्रेंस में सभी को अपने मोबाइल पर सी विजिल ऐप लोड करने और शिकायतों का तय समय में निस्तारण करवा रिपोर्ट आयोग को उपलब्ध कराने की हिदायत दी गई। 25 जनवरी को वर्चुअल माध्यम से जनपद से लेकर बूथ तक मतदाता दिवस मनाएं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश की ओर से निर्देश दिया गया कि विधान सभा सामान्य निर्वाचन.2022 हेतु संचालित डिस्ट्रिक्ट कॉन्टेक्ट सेन्टर पर प्राप्त होने वाली शिकायतों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारित किया जाए। डिस्ट्रिक्ट कॉन्टेक्ट सेन्टर को उडन दस्ता टीम के माध्यम से सी विजिल ऐप पर प्राप्त ऑनलाइन शिकायतों को 100 मिनट में संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर के माध्यम से ऑनलाइन निस्तारित किया जाना है।निर्देश दिया गया कि सूचना विभाग की ओर से प्रतिदिन प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आदर्श चुनाव आचार संहिता एवं अन्य समस्त प्रकार की सूचना प्रकाशित कराई जाए और उसकी प्रति वाट्सअप ग्रुप पर भेजा जाए। आयोग के निर्देश पर 25 जनवरी को वर्चुअल माध्यम से जनपद से लेकर बूथ तक कोविड.19 से संबंधित समस्त निर्देशों का अनुपालन करते हुए राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन कराया जाय। सभी उडन दस्तों के प्रत्येक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारी के मोबाइल पर सी विजिल ऐप अनिवार्य रूप से एक्टिवेट होना चाहिए और दस्ता की टीम 24 घंटे क्रियाशील रहेंगी। दिव्यांग मतदाता एवं 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं को डाक मतपत्र की सुविधा दिए जाने की व्यवस्था की गई है सभी की सहमति प्राप्त करने की कार्यवाही प्रारूप 12 डी पर ली जा रही हैं और प्रतिदिन इसकी समीक्षा की जा रही है। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि स्वीप योजना के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन कराया जाय। इस अवसर पर जिले के सभी प्रमुख अधिकारियों की मौजूदगी रही।

# कोविड व विधान सभा चुनाव को देखते हुए डीएम ने बढ़ाई धारा 144 की अवधि

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) इस समय कोविड महामारी व आगामी दिनों में होने वाले विधानसभा चुनाव, त्योहारों और परीक्षाओं को देखते हुए जनपद में धारा 144 की अवधि बढ़ा दी गई है।जिलाधिकारी नितीश कुमार ने आदेश जारी करते हुए बताया कि निषेधाज्ञा 15 मार्च तक लागू रहेगी। नितीश कुमार ने बताया कि आगामी अवधि में जननायक कपूरी ठाकुर जन्मदिन, गणतंत्र दिवस, हजरत ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती अजमेरी गरीब नवाज का उर्स, मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी/मोहम्मद हजरत अली का जन्मदिवस, माघी पूर्णिमा, संत रविदास जयंती, महाशिवरात्रि आदि विभिन्न त्यौहारों के साथ ही विभिन्न सेवा आयोगों की प्रतियोगी व शैक्षणिक परीक्षाएं आदि आयोजित होना संभावित है।

# जिलाधिकारी नितीश कुमार ने अन्तर्राष्ट्रीय क्रीडा संकुल का किया निरीक्षण

अयोध्या संवाददाता डॉ अजय कुमार तिवारी : जिलाधिकारी नितीश कुमार ने डॉ. भीम राव अम्बेडकर अन्तर्राष्ट्रीय क्रीडा संकुल डाभासेमर का निरीक्षण किया। क्रीडा संकुल के सम्पूर्ण परिसर को अभियान चलाकर साफ सुथरा करने हेतु क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी को निर्देश दिये।जिलाधिकारी ने डॉ. भीम राव अम्बेडकर अन्तर्राष्ट्रीय क्रीडा संकुल डाभासेमर में स्थित स्वीमिंग पूल, हाकी ग्राउण्ड, बैटमिंटन हाल, वेट लिफ्टिंग हाल, विलयर्ड एवं स्कूनर हाल/जूडो हाल, क्रिकेट ग्राउण्ड, शतरंज एवं कैरम हॉल, कुश्ती हाल, टेनिस कोर्ट, बास्केटबाल कोर्ट, एथलेटिक टैक आदि का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने वैटमिंटन हाल, स्वीमिंग पूल आदि में प्राप्त कमियों को क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी को कार्यदायी संस्था सी एण्ड डीएस यूनिट–44 के प्रोजेक्ट मैनेजर से समन्वय कर ठीक कराने के निर्देश दिये। उन्होंने क्रीडा संकुल के समस्त भवनों/हालों के साथ–साथ परिसर की साफ–सफाई कराने हेतु अभियान चलाने तथा समस्त खेलों के कोर्ट व हाल को नियमित साफ सुथरा सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने वैटमिंटन हाल में कबूतरों/चिड़ियों को रोकने हेतु जालियों को भी सही कराने के निर्देश दिये।

# विधायक का हालचाल लेने पहुंचे जिला अध्यक्ष सपा

अयोध्या संवाददाता अमित कुमार मणि त्रिपाठी : समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी रुश्दी मियां का हाल–चाल लेने सपा जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव उनके आवास रुदौली पहुंचे श्री यादव ने पूर्व विधायक रुश्दी मियां को शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। यादव ने बताया कि पूर्व विधायक का हार्ट का ऑपरेशन लखनऊ में हुआ था । जिसके सफल ऑपरेशन होने के बाद अपने आवास रुदौली आ गए हैं जहां पर समाजवादी पार्टी के तमाम समर्थक और कार्यकर्ता हालचाल लेने पहुंच रहे। यादव ने बताया पूर्व विधायक रुश्दी मियां स्वस्थ होकर पुनः जनता के बीच में होंगे। सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि जिले के तमाम वरिष्ठ नेता कार्यकर्ता पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी रुश्दी मियां का हाल–चाल लेने उनके आवास पर आ रहे हैं। सभी नेता कार्यकर्ता उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की इस मौके पर जिला महासचिव बख्तियार खान विधानसभा अध्यक्ष छोटे लाल यादव प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव युवजन सभा जिला अध्यक्ष जय सिंह यादव अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष राशिद जमील सपा जिला उपाध्यक्ष ईश्वर लाल बर्मा शादमान खान राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# टीईटी परीक्षा को लेकर सीएम योगी सख्त : अधिकारियों को दिये आदेश

अयोध्या संवाददाता अमित कुमार मणि त्रिपाठी : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि शिक्षक पात्रता परीक्षा(टीईटी) के लिए दागी व संदिग्ध छवि वाले संस्थानों को केंद्र कतई न बनाएं। इनकी पहले ही जांच कर ली जाए। परीक्षा केंद्र निर्धारण में संस्थान के पिछले रिकॉर्ड को जरूर देखें। टीईटी परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद योगी सरकार यह परीक्षा आगामी 23 जनवरी को कराने जा रही है। इस बार सरकार काफी सतर्क है। इसलिए मुख्यमंत्री ने सोमवार को टीम–9 के अधिकारियों के साथ बैठक में इस पर खास तौर पर निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टीईटी के सुव्यवस्थित आयोजन के संबंध में पुख्ता तैयारियां कर ली जाएं। कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन हो। हर केंद्र पर मास्क, सैनिटाइजर, इंफ्रारेड थरमामीटर की उपलब्धता होनी चाहिए।सीएम ने कहा कि परीक्षा की शुचिता के दृष्टिगत अपर मुख्य सचिव गृह और एडीजी कानून–व्यवस्था, प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा के साथ जिलाधिकारियों, बेसिक शिक्षा अधिकारियों व परीक्षा आयोजन से जुड़े अन्य अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद कर व्यवस्थाओं की पड़ताल करें।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।